वर्ष- 3 , अंक- 196
छपरा
20 जून रविवार
2026
पृष्ठ - 04

# दैनिक खोजखबर

खबरों की सच्चाई से रू-ब-रू
E-mail : dainikkhojkhabar@gmail.com
E-Paper
website : www.dainikkhojkhabar.live

# राष्ट्रपति मुर्मु के जन्मदिन पर पैतृक गांव पहुंचे पीएम मोदी

### » ओडिशा सरकार के 2 साल पूरे होने पर 47000 करोड़ की दी सौगात

**भुवनेश्वर, एजेंसी।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी आज अपने एक दिवसीय दौरे पर ओडिशा को बड़ा उपहार दिया है। 47 हजार करोड़ रुपये की विभिन्न परियोजनाओं का उद्घाटन एवं शिलान्यास करने के साथ ही ओडिशा सरकार के दो वर्ष पूर्ति के उपलक्ष्य में आयोजित जनसभा को प्रधानमंत्री ने संबोधित किया।

इससे पहले प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी, मुख्यमंत्री मोहन चरण माझी, राज्यपाल डा. हरिबाबू कम्भमपति ने राष्ट्पति को जन्म दिन की शुभकामना दी। जानकारी के मुताबिक राष्ट्पति द्रौपदी मुर्मु भी इस दौरे में प्रधानमंत्री के साथ रहीं।



आधिकारिक कार्यक्रम के अनुसार, आज पूर्वाह्न लगभग 11:15 बजे राष्ट्पति और प्रधानमंत्री मयूरभंज जिले के पहाड़पुर गांव पहुंचे।यहां वे संथाली जाहेरा और हो जाहेरा के पवित्र उपवनों में पूजा-अर्चना किए।

इसके अलावा वे स्किल सेंटर और पहाड़पुर स्कूल का भी किए।यह यात्रा जनजातीय और ग्रामीण क्षेत्रों में शिक्षा, कौशल विकास तथा सामाजिक-आर्थिक सशक्तिकरण को बढ़ावा देने के लिए सरकार द्वारा किए जा रहे प्रयासों को रेखांकित करेगी।

इतना ही नहीं प्रधानमंत्री ने राष्ट्पति के साथ उनके गांव का भी भ्रमण किया है, राष्ट्पति के स्कूल का भी प्रधानमंत्री ने परिदर्शन किया, ऐसे में उक्त क्षेत्र में सुबह से ही उत्सव एवं उत्साह का माहौल देखने को मिला।लोग सुबह से ही सड़क किनारे पारंपरिक नृत्य गीत करते हुए प्रधानमंत्री एवं राष्ट्पति का स्वागत किए। राष्ट्पति का जन्म दिन होने से आज लोगों ने अपनी शुभकामना दी।विभिन्न प्लाकार्ड लेकर लोग जगह जगह खड़े रहे।पहाड़पुर जाते समय राष्ट्पति ने अपने काफिले को रोककर बच्चों से मुलाकात की और उन्हें चाकलेट दिया।ये बच्चे राष्ट्पति की एक झलक पाने को सड़क किनारे घंटे से खड़े थे। राष्ट्पति महुलीपड़ा घर से निकलकर पहाड़पुर पहुंची जहां पर मुख्यममंत्री ने उनका स्वागत किया।

दोपहर करीब 1 बजे राष्ट्पति और प्रधानमंत्री मयूरभंज जिले के रायरंगपुर में राज्य सरकार के दो वर्ष पूरे होने के उपलक्ष्य में आयोजित एक सार्वजनिक कार्यक्रम में भाग लिए।कार्यक्रम का विषय विकास की धारा, ओडिशा सारा रखा गया है। इस अवसर पर 47,600 करोड़ रुपये से अधिक की विभिन्न विकास परियोजनाओं का उद्घाटन और शिलान्यास प्रधानमंत्री ने किया और इस दौरान जनसभा को संबोधित किए।

**प्रमुख परियोजनाएं:** प्रधानमंत्री और राष्ट्पति ने ऊर्जा, औद्योगिक अवसंरचना, सड़क संपर्क, पेयजल, स्वास्थ्य, शिक्षा, पर्यटन और सिंचाई जैसे महत्वपूर्ण क्षेत्रों से जुड़ी परियोजनाओं का उद्घाटन एवं शिलान्यास किए।

#### इन परियोजनाओं का हुआ शिलान्यास...

- 600 मेगावाट की अपर इंद्रावती पंप्ड स्टोरेज परियोजना।
- आईबी थर्मल पावर स्टेशन के स्टेज-2 विस्तार परियोजना की दो नई 660-660 मेगावाट इकाइयां।
- झारसुगुड़ा जिले के लखनपुर में भारत कोल गैसीफिकेशन एंड केमिकल्स लिमिटेड (बीसीजीसीएल) परियोजना।
- भुवनेश्वर में 300 टीपीडी क्षमता का स्रोत-आधारित पृथक्कृत ठोस कचरे से संचालित संपीड़ित बायोगैस संयंत्र।
- कटक और भुवनेश्वर को सीधे जोड़ने के लिए काठजोड़ी नदी पर नया पुल।
- बौद्ध जिले में ढालपुर-हरभंगा सड़क का चौड़ीकरण और सुदृढ़ीकरण।
- नुआपड़ा से घाटीपाड़ा तक एनएच-353 के एक हिस्से का फोरलेन निर्माण।
- कुसुमढी मेगा लिफ्ट सिंचाई परियोजना।
- रायरंगपुर में इग्नू क्षेत्रीय केंद्र और इंडोर बैडमिंटन कॉम्प्लेक्स।

#### इन परियोजनाओं का उद्घाटन...

- बौद्ध में 300 बिस्तरों वाला जिला मुख्यालय अस्पताल भवन।
- ओडिशा के विभिन्न जिलों में 24 अटल बस स्टैंड।
- नौ स्वचालित वाहन परीक्षण केंद्र (ऑटोमेटेड टेस्टिंग स्टेशन)।
- एनएच-57 पर नयागढ़ टाउन बाईपास।

## : ब्रीफ बॉक्स :

अब कोई गुट नहीं बचा

### केवल एक ही शिवसेना है, अमित शाह ने भी कर दिया साफ



**कोल्हापुर, एजेंसी।** महाराष्ट्र की राजनीति में उथल-पुथल का दौर एक बार फिर तेज हो गया है। उद्धव ठाकरे के नेतृत्व वाली शिवसेना में बगावत के बीच केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने शनिवार को एक बड़ा बयान दिया। कोल्हापुर में आयोजित एक धन्यवाद रैली को संबोधित करते हुए अमित शाह ने स्पष्ट किया कि अब कोई गुट नहीं बचा है; बल्कि एकनाथ शिंदे के नेतृत्व वाली पार्टी ही असली और इकलौती शिवसेना है। अमित शाह का यह बयान ऐसे समय में आया है जब ऑपरेशन टाइगर के तहत उद्धव खेमे के कई सांसदों के बागी होने की खबरें हैं और पार्टी पूरी तरह टूटने की कगार पर खड़ी नजर आ रही है।

**पहले कहना पड़ता था शिंदे गुट...** कोल्हापुर की रैली में शाह ने कहा, पहले हमें एकनाथ शिंदे के नाम पर शिवसेना शिंदे गुट कहना पड़ता था। लेकिन अब कोई गुट नहीं बचा है। अब केवल एक ही शिवसेना है।

23 जून को तेलंगाना से आगे बढ़ेगा मानसून

### एमपी-छत्तीसगढ़ और राजस्थान समेत कई राज्यों में बारिश का अलर्ट



**नई दिल्ली एजेंसी।** देश में मानसून की रफ्तार धीमी होने के बावजूद मौसम ने भारी तबाही मचाई है। पिछले 24 घंटों में मध्य प्रदेश, बिहार और झारखंड में आकाशीय बिजली (वज्रपात) गिरने से 16 लोगों की जान चली गई है। मौसम विभाग के अनुसार, मानसून 23 जून को तेलंगाना से आगे बढ़ छत्तीसगढ़ पहुंचने की संभावना है।

दरअसल, मानसून अब तक 19 राज्यों में पहुंच चुका है, लेकिन 8 जून से तेलंगाना में ही फंसा हुआ है। यानी 12 दिनों से मानसून तेलंगाना से आगे नहीं बढ़ा रहा है। हालांकि, यूपी और राजस्थान समेत 8 राज्यों में प्री-मानसून के बावजूद तापमान 40 डिग्री सेल्सियस से ऊपर बना हुआ है।

मौसम विभाग के अनुसार, महाराष्ट्र, तेलंगाना, ओडिशा, झारखंड, बिहार और छत्तीसगढ़ के कुछ हिस्सों में मानसून के लिए जरूरी सिस्टम सक्रिय हो गए हैं।

# अब लोकसभा से पास हो जाएगा परिसीमन विधेयक

### भाजपा ने कर लिया दो तिहाई बहुमत का जुगाड़ः सूत्र

**नई दिल्ली, एजेंसी।** विपक्षी दलों में लगातार हो रही टूट की सियासी घटना ने केंद्र की सत्तारूढ़ राष्टीय जनतांत्रिक गठबंधन सरकार के हौसलों को सातवें आसमान पर पहुंचा दिया है। सरकार में यह भरोसा लगातार बढ़ रहा है कि अगले महीने शुरू होने वाले संसद के मॉनसून सत्र तक वे संविधान संशोधन विधेयक को पारित कराने के लिए आवश्यक दो-तिहाई बहुमत का जादुई आंकड़ा हासिल कर लेंगे।

द टेलीग्राफ ने अपनी एक रिपोर्ट में एक केंद्रीय मंत्री के हवाले से बताया, हमें पूरा भरोसा है कि मॉनसून सत्र तक हम महिला आरक्षण को लोकसभा और विधानसभा सीटों के नए परिसीमन से जोड़ने वाले संविधान संशोधन विधेयक को पारित कराने के लिए जरूरी संख्या बल जुटा लेंगे।



**एजेंडे पर हैं दो बड़े ऐतिहासिक सुधार...** केंद्र सरकार दो बेहद महत्वपूर्ण संविधान संशोधन विधेयकों को संसद से हरी झंडी दिखाने की तैयारी में है, जिनके लिए संसद के दोनों सदनों में दो-तिहाई बहुमत अनिवार्य है। महिला आरक्षण और परिसीमन। इस कानून के जरिए देश में महिला आरक्षण को लोकसभा सीटों की संख्या बढ़ाने और सीमाओं को दोबारा तय करने के लिए परिसीमन की प्रक्रिया से जोड़ा जाएगा।

**एक देश-एक चुनाव पर भी भाजपा की नजर:** बीजेपी साल 2029 के आम चुनाव से काफी पहले पूरे देश में लोकसभा और विधानसभा चुनाव एक साथ कराने का कानून बनाना चाहती है। बीजेपी रणनीतिकारों का मानना है कि एक साथ चुनाव होने से पार्टी को राज्य चुनावों में भी राष्टीय मुद्दों जैसि कि सुरक्षा, संप्रभुता और राष्टीय गौरव पर वोट मांगने का सीधा लाभ मिलेगा।

**क्या कहता है सीटों का समीकरण:** 540 की प्रभावी संख्या वाली वर्तमान लोकसभा में दो-तिहाई बहुमत के लिए 360 वोटों की आवश्यकता है। लोकसभा में एनडीए की वर्तमान ताकत 293 है। तृणमूल कांग्रेस के 28 में से 20 बागी सांसदों के जुड़ने की उम्मीद है।

### टीएमसी नेता जहांगीर खान की पत्नी गिरफ्तार

# समर्थकों के साथ फालता थाने पर हमले का आरोप

## पुलिस ने पति से कान पकड़कर परेड कराई थी

**कोलकाता, एजेंसी।** पश्चिम बंगाल पुलिस ने तृणमूल कांग्रेस नेता जहांगीर खान की पत्नी सरीना बीबी (37) को शनिवार सुबह गिरफ्तार किया है। उन पर फालता पुलिस स्टेशन पर भीड़ जुटाकर पुलिस और केंद्रीय बलों पर हमले और जहांगीर खान को पुलिस हिरासत से छुड़ाने की कोशिश का आरोप है।

पुलिस के मुताबिक, 16 जून को सरीना बीबी ने समर्थकों को जुटाकर थाने के बाहर विरोध प्रदर्शन कराया था। भीड़ ने सुरक्षाबलों पर पत्थरबाजी भी की। मामले में अब तक 27



लोगों को गिरफ्तार किया जा चुका है। जहांगीर खान को पुलिस ने 8 जून को भारत से भागने के दौरान नेपाल बॉर्डर के पास से गिरफ्तार किया था।

गिरफ्तारी के बाद पुलिस ने कई बार फालता में उसकी परेड कराई। इस दौरान जहांगीर कान पकड़कर और हाथ जोड़कर लोगों से माफी मांगता दिखा। जहांगीर बंगाल विधानसभा चुनाव में फालता सीट से टीएमसी उम्मीदवार था।

**सीएम ने कहा था- हर प्रदर्शनकारी पर कार्रवाई होगी...** बंगाल के मुख्यमंत्री शुभेंदु अदिकारी ने 17 जून को फालता थाने पर हमले की घटना पर सख्त कार्रवाई के निर्देश दिए थे। उन्होंने पुलिस से विरोध-प्रदर्शन और हिंसा के वीडियो फुटेज में दिख रहे सभी लोगों की पहचान कर उनके खिलाफ मामला दर्ज करने कहा था।

# 20 साल और 128 गवाहों के बयान के बाद कांग्रेस नेता पवनराजे निंबालकर की हत्या के आरोपी बरी



**मुंबई, एजेंसी।** मुंबई की एक विशेष सीबीआई अदालत ने शनिवार को महाराष्ट्र के प्रमुख कांग्रेस नेता पवनराजे निंबालकर की 2006 में हुई सनसनीखेज हत्या के मामले में मुख्य आरोपी व उनके चचेरे भाई, पूर्व एनसीपी सांसद पद्मसिंह पाटिल सहित सभी आरोपियों को बरी कर दिया है। करीब 20 साल तक चले इस लंबे मुकदमे के दौरान अदालत ने सामाजिक कार्यकर्ता अन्ना हजारे समेत 128 गवाहों के बयान दर्ज किए थे।

सीबीआई का आरोप था कि राजनीतिक प्रतिद्वंद्विता और चीनी मिल के प्रबंधन को लेकर विवाद के चलते 30 लाख रुपये की सुपारी देकर इस दोहरे हत्याकांड को अंजाम दिया गया था, लेकिन दो दशकों की कानूनी लड़ाई के बाद अदालत ने सभी आरोपियों को दोषमुक्त कर दिया है। बता दें कि महाराष्ट्र कांग्रेस नेता पवनराजे निंबालकर महाराष्ट्र कांग्रेस नेता पवनराजे निंबालकर और उनके ड्राइवर समद काजी 3 जून, 2006 को मुंबई से उस्मानाबाद (अब धाराशिव) जा रहे थे।

**किस-किस पर चला था हत्या का मुकदमा...** निंबालकर के चचेरे भाई और पूर्व एनसीपी सांसद पद्मसिंह पाटिल, उन लोगों में शामिल थे जिन पर हत्या का मुकदमा चला था। पाटिल के अलावा, महाराष्ट्र की उपमुख्यमंत्री सुनेत्रा पवार के सौतेले भाई और पूर्व गृह मंत्री, इस मामले में अन्य आरोपियों में लातूर के व्यवसायी सतीश मंडाडे, पूर्व भाजपा पार्षद और सेवानिवृत्त राज्य उत्पाद शुल्क निरीक्षक मोहन शुक्ला, पारसमल जैन, पूर्व उत्पाद शुल्क निरीक्षक शशिकांत कुलकर्णी, बसपा कार्यकर्ता कैलाश यादव और कथित शूटर दिनेश तिवारी, पिंटू सिंह और छोटे पांडे शामिल थे।

# ईरान के साथ शांति समझौते पर रिपब्लिकन पार्टी में दरार

### » ट्रंप समर्थकों ने भी खोला मोर्चा

**वाशिंगटन , एजेंसी।** ईरान के साथ हुए समझौते को आलोचकों द्वारा कमजोर और आत्मसमर्पण करार दिए जाने के बाद चौतरफा घिरे राष्ट्रपति ट्रंप ने शुक्रवार को इन दावों को सिरे से खारिज कर दिया। उन्होंने इस बात से साफ इनकार किया कि वह तेहरान के सामने झुक गए हैं या उसे भारी वित्तीय राहत सौंपने जा रहे हैं।

ट्रंप ने आक्रामक रुख अपनाते हुए कहा, हम किसी बेबसी में नहीं मिले थे, बल्कि ईरान हताश था। वे पूरी तरह खत्म हो चुके हैं! हम 60 दिनों की इस अवधि को देखेंगे। उन्हें कोई पैसा नहीं मिल रहा, 10 सेंट भी नहीं! जी-7 शिखर सम्मेलन में भाग लेने के बाद वर्साय में ट्रंप द्वारा दूरस्थ रूप से हस्ताक्षरित इस प्रारंभिक समझौते का उद्देश्य एक व्यापक शांति की दिशा में 60 दिनों की तेज गति से काम शुरू करना था। इसके विपरीत, इस कदम ने देश के भीतर एक बड़ा राजनीतिक तूफान खड़ा कर दिया है।



ट्रंप ने खुद भी ऐसे बयान देकर अपनी मुश्किलें बढ़ा दी हैं जिसने अमेरिका के इजरायल-समर्थक गुटों को हैरान कर दिया है। उन्होंने ईरान के कुछ बैलिस्टिक मिसाइल क्षमता रखने के अधिकार का समर्थन किया और ईरान के संवर्धित यूरेनियम के भंडार के महत्व को कम करके आंका।

**रिपब्लिकन खेमे में दरार...** रिपब्लिकन सीनेटर बिल कैसिडी उन नेताओं में शामिल हैं जिन्होंने अपनी पार्टी के रुख से अलग हटकर इस समझौते की तीखी आलोचना की है। उन्होंने इसे दशकों की सबसे खराब विदेश नीति की भूल करार दिया है। दूसरी ओर, लेट-नाइट कॉमेडियन्स और सोशल मीडिया ट्रोल्स के लिए यह एक बड़ा मुद्दा बन गया है, जो इस समझौते की तुलना युद्ध जीतने और उसकी रसीद खो देने से कर रहे हैं। हालांकि इस उपहास का बड़ा हिस्सा राजनीतिक है, लेकिन व्हाइट हाउस के लिए सबसे गंभीर समस्या यह है कि अब आलोचना सिर्फ डेमोक्रेट्स तक ही सीमित नहीं रह गई है।

## नीट री-एग्जाम- नागपुर के छात्र को अबू धाबी सेंटर

**नई दिल्ली, एजेंसी।** नीट-यूजी 2026 री-एग्जाम से पहले नेशनल टेस्टिंग एजेंसी शनिवार को देशभर में मॉक ड्रिल कर रहा है। एग्जाम को सुरक्षित और पारदर्शी बनाने के लिए पुलिस, जिला प्रशासन और सेंटरीय एजेंसियों के साथ मिलकर मल्टी लेयर सिक्योरिटी तैयार की गई है।

उधर, कई जगह से स्टूडेंट्स के एग्जाम



सेंटर बदलने की शिकायत मिल रही हैं। नागपुर के अब्दुल्ला मोहम्मद तालिब को जारी एडमिट कार्ड में नागपुर की जगह अबू धाबी का सेंटर मिल गया।

इसी तरह भुवनेश्वर की संजना संजीवनी को देहरादून में सेंटर दे दिया गया है। हालांकि बाद में गलती सुधार दी गई। नेशनल टेस्टिंग एजेंसी के डीजी अभिषेक सिंह ने बताया दोनों के सेंटर बदल दिए गए हैं।

# जब बैलगाड़ी पर लादना पड़ा 673 किलो का सैटेलाइट

### » इसरो की रॉकेट साइंस से दुनिया थी हैरान

**नई दिल्ली , एजेंसी।** भारत की अंतरिक्ष एजेंसी इसरो आज दुनियाभर के लिए एक मिसाल है। रूस, अमेरिका,जापान और चीन के साथ भारत के अंतरिक्ष विज्ञान का भी दुनिया लोहा मानती है। हालांकि यह सफर जब शुरू हुआ थो तो सैटेलाइट बनाने के लिए एक छत भी नहीं थी। एक टिन शेड के नीचे ही देश का पहला सैटेलाइट बनाया गया। वहीं जब इसे बैलगाड़ी पर लादकर ले जाया गया तो तस्वीरें पूरी दुनिया में चर्चा का विषय बन गईं। भारत के पहले संचार उपग्रह एपलश्व को फ्रांस के गुयाना स्पेस सेंटर से लॉन्च किया जाना था। कुछ ऐसा हुआ कि सैटलाइट को बैलगाड़ी पर लदना पड़ गया।



उस समय टेलीफोन या फिर टेलेक्स पर अपना संदे भेजने के लिए कॉल बुक करनी पपड़ती थी। इसरो के पास तब मेनफ्रेम कंप्यूटर तक नहीं थे। श्रीहरिकोटा के मिशन कंट्रोल सेंटर पर एप्पल को बनाया गया। भारत के लिए यह बेहद अहम मिशन था। सैटलाइट के साथ संपर्क करने के लिए बेहद जरूरी टेलीमेट्री, ट्रेकिंग ऐंड कंट्रोल लिंक में कुछ समस्या पाई गई थी। लॉन्च से पहले इसकी जांच करना बेहद जरूरी था। इसकी जांच एंटीना रेंज में ही की जा सकती थी। इसरो के पास उस समय सैटलाइट को ले जाने के लिए कोई स्पेशल साधन नहीं था।

**मैग्नेटिक फील्ड से बचाने के लिए किया गया बैलगाड़ी का इस्तेमाल:** इसरो के पूर्व वैज्ञानिक आरएम वासागम ने अपने पेपर में लिखा, हमें सैटेलाइट की पूरी तरह से जांच करके इसे फ्रांस भेजना था। जांच के लिए इसे एंटीना की रेंज में ले जाना था। इसके बाद 150 रुपये में एक बैलगाड़ी मंगवाई गई। यह टेस्ट ऐसी जगह पर होना था जहां कोई मैग्नेटिक फील्ड ना काम कर रही हो। इसके लिए थर्मल ब्लैंकेट का इस्तेमाल किया जाता है। लेकिन भारत के पास यह तकनीक उपलब्ध नहीं थी। ऐसे में बैलगाड़ी पर लादकर एप्पल को एंटीना की रेंज में ले जाया गया। इसके बाद बैलगाड़ी वाली तस्वीर चर्चा का विषय बन गई। हालांकि इसके पीछे मुख्य वजह मैग्नेटिक फील्ड से दूर रहना था।

एप्पल भारत का पहला कम्युनिकेशन सैटेलाइट था। इसे फ्रांस के स्पेस स्टेशन से 1981 में लॉन्च किया गया था। इसे मात्र दो साल में तैयार किया गया था। इसका इस्तेमाल टीवी कार्यक्रमों और रेडियो सेवा के प्रसारण में भी किया गया। इसके बाद इसरो ने रफ्तार पकड़ी और सैटलाइट लॉन्चिंग में महारत हासिल कर ली।

#### शेड के नीचे बनाया गया सैटेलाइट

इसरो के पास सैटेलाइट को बनाने के लिए कोई जगह नहीं थी। ऐसे में शहर के बाहर पीन्या इडस्ट्री इलाके में एक टिन शेड उपलब्ध करवाया गया था। वैज्ञानिकों ने सुविधा पर ध्यान दिए बिना दिन रात परश्रिम किया। वैज्ञानिकों ने थर्माकोल और टेप आद की मदद से टिन शेड को ही कमरा बना दिया। इसके बाद यूआर राव के नेतृत्व में पहला सैटेलाइट तैयार किया गया थआ। 2017 तक यूआर राव के नेतृत्व में करीब 18 सैटेलाइट तैयार किए गए थे।

# शशि थरूर ने किया पीएम मोदी का समर्थन

### » भाजपा बोली- राहुल गांधी एक्सपोज हो गए

**नई दिल्ली, एजेंसी।** कांग्रेस सांसद शशि थरूर द्वारा अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल् ट्रंप के साथ मुलाकात के दौरान भारतीय नाविकों की सुरक्षा के मुद्दे पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का समर्थन करने के बाद एक नया राजनीतिक विवाद खड़ा हो गया है।

जी-7 शिखर सम्मेलन के दौरान जहां कांग्रेस ने पीएम मोदी पर इस संवेदनशील मुद्दे पर चुप रहने का आरोप लगाया था, वहीं कांग्रेस सांसद शशि थरूर ने स्पष्ट किया कि प्रधानमंत्री ने सार्वजनिक और निजी दोनों चर्चाओं में भारत की चिंताओं को मजबूती से रखा है।

**ट्रंप को कराया भारत की चिंताओं से अवगत:** शशि थरूर ने शुक्रवार को कहा कि पीएम मोदी ने मौजूदा संघर्षों के बीच नागरिक नाविकों की सुरक्षा को लेकर अमेरिकी राष्ट्रपति डोनल्ड ट्रंप को भारत की चिंताओं से अवगत कराया और इस बात पर जोर दिया कि युद्धकाल में वाणिज्यिक नाविकों को निशाना नहीं बनाया जाना चाहिए।



**पीएम मोदी ने ट्रंप से क्या कहा शशि थरूर ने बताया:** शशि थरूर ने कहा, प्रधानमंत्री मोदी ने राष्ट्रपति के साथ सार्वजनिक और निजी दोनों बैठकों में अपना रुख स्पष्ट कर दिया। यह संदेश देना महत्वपूर्ण है कि युद्धकाल में वाणिज्यिक जहाजों पर तैनात नागरिक नाविकों को युद्ध का निशाना नहीं बनाया जाना चाहिए। वे सैनिक नहीं हैं, और यही संदेश प्रधानमंत्री मोदी ने दिया है। भारतीय नाविकों की सुरक्षा को लेकर भारत की चिंताओं को उजागर करते हुए कहा, सामान्य चिंता के अलावा, हमारे पास भारतीय ध्वज वाले जहाजों और अन्य जहाजों पर भारतीय नाविक हैं।

**भारतीय नाविकों की मौत पर चुप रहे पीएम- कांग्रेस...** गौरतलब है कि बीते बुधवार को कांग्रेस ने पीएम मोदी की ट्रंप के साथ मुलाकात को लेकर निशाना साधते हुए आरोप लगाया कि ओमान की खाड़ी में एक व्यापारिक पोत पर अमेरिकी हमले में मारे गए तीन भारतीय नाविकों की मौत पर वे चुप रहे।

# ऑनलाइन शिक्षा का नया चेहरा, क्रांति के नाम पर अरबों का कारोबार और युवाओं का ब्रेनवाश



**के. के. श्रीवास्तव/दैनिक खोज खबर/पटना।** कोरोना काल के बाद देश की शिक्षा व्यवस्था में एक बड़ा बदलाव आया है। पारंपरिक ऑफलाइन पढ़ाई की धार कुंद हुई और यूट्यूब व एडटेक कंपनियों का ऑनलाइन जाल तेजी से फैल गया। गंभीरता और गुरु-शिष्य परंपरा वाले शिक्षण के स्थान पर अब रील्स, शॉर्ट्स, शायरी और मसखरी जैसी 'रील संस्कृति' हावी हो चुकी है। इस नई व्यवस्था ने यूट्यूबर्स और इन्फ्लुएंसर शिक्षकों की एक ऐसी फौज खड़ी कर दी है, जो सस्ती शिक्षा के नाम पर युवाओं को मानसिक रूप से प्रभावित कर अरबों का कारोबार चमका रही है।

**सरकारी बजट से बड़ी समानांतर व्यवस्था:**आज देश में कोचिंग और हॉस्टलों का बाजार लगभग 3.5 लाख करोड़ रुपये का हो चुका है। यह वह भारी-भरकम राशि है जिसे गरीब और मध्यमवर्गीय परिवार अपने बच्चों को डॉक्टर, इंजीनियर या सरकारी अफसर बनाने के लिए पानी की तरह बहा रहे हैं। तुलनात्मक रूप से देखें तो साल 2026-27 में सरकार का पूरा शिक्षा बजट लगभग 1.40 लाख करोड़ रुपये है। यानी, सरकार पूरे देश के करोड़ों बच्चों की स्कूली और कॉलेज शिक्षा पर जितना खर्च करती है, उससे कहीं अधिक पैसा देश के परिवार निजी कोचिंग व्यवस्था और मकान मालिकों को दे रहे हैं।

**सस्ती शिक्षा के पीछे छिपा बड़ा बिजनेस मॉडल :** कुछ साल पहले तक कोटा जैसी जगहों पर सालाना 1 से 1.5 लाख रुपये की फीस आम आदमी के बजट से बाहर थी। इसके बाद यूट्यूब के मसीहाओं का दौर आया, जिन्होंने 3,000 से 4,000 रुपये में कोर्स देने का दावा किया। जनता को लगा कि यह कोई सामाजिक क्रांति है, लेकिन इसके पीछे का गणित बेहद चौंकाने वाला है, कोचिंग संस्थान अगर 10,000 बच्चों से प्रति बच्चे 1 लाख रुपये फीस लेती है, तो कुल टर्नओवर 100 करोड़ रुपये होता है।लेकिन ये नये मसीहा अपने इन्फ्लुएंस के दम पर 4,000 रुपये का कोर्स 50 लाख बच्चों को बेचते है, तो कमाई सीधे 2,000 करोड़ रुपये के पार निकल जाती है। कोर्स भले ही सस्ता दिखे, लेकिन इसके चक्कर में जब छात्र घर छोड़ता है, तो हॉस्टल, मेस, किताबों का खर्च और सबसे बड़ा मानसिक तनाव अंततः परिवार की जेब पर ही भारी पड़ता है।व्यूज आधारित शिक्षण ने शिक्षण गति के गुणवत्ता को काफी प्रभावित किया है।

आज शिक्षण की गुणवत्ता का पैमाना योग्यता या परिणाम नहीं, बल्कि सोशल मीडिया के 'व्यूज' बन गए हैं। रील्स बनाना, भावुक वीडियो डालना और विवादित या अभद्र भाषा का प्रयोग कर बच्चों को आकर्षित किया जा रहा है। इन शिक्षकों ने अपना ऐसा ग्लैमर और अंधभक्तों की फौज तैयार कर ली है कि उनके इस व्यापारिक मॉडल पर सवाल उठाना भी 'पाप' जैसा बना दिया गया है।मै ये नहीं कहता कि यूट्यूब पर सभी टीचर ख़राब ही है, कुछ बहुत अच्छे टीचर भी है, पर अच्छे शिक्षकों को ज्यादा व्यूज नहीं आते! शिक्षा का संदर्श बदल गया है -- जिसको जितना ज्यादा व्यूज वो उतना बड़ा टीचर! रिजल्ट हो या न हो।इस पूरी समस्या की जड़ सरकारी स्कूलों और कॉलेजों में प्रतियोगी परीक्षाओं के स्तर की बुनियादी शिक्षा का न मिलना और सीमित सीटें होना है। जब तक सरकारें इस खाई को पाटने के लिए ठोस कदम नहीं उठाएंगी, तब तक सस्ती और क्रांतिकारी शिक्षा के इस सुंदर जाल में आम आदमी यूं ही पिसता रहेगा।

## मशरक सीएचसी में व्याप्त भ्रष्टचार उजागर करने पर पत्रकार समेत अन्य पर प्राथमिकी दर्ज

**दैनिक खोज खबर/मशरक (सारण)।** मशरक सीएचसी में व्याप्त भ्रष्टचार और सीएचसी प्रभारी की गंभीर लापरवाही को उजागर करना और सारण डीएम को आवेदन देकर कारवाई करने की मांग दैनिक जागरण के पत्रकार, जदयू युवा महासचिव और राजद किसान प्रकोष्ठ के अध्यक्ष सह बंगरा उप मुखिया को महंगा पड़ा। इन सभी के खिलाफ सीएचसी प्रभारी डॉ अनंत नारायण कश्यप ने आवेदन देकर मशरक थाने में प्राथमिकी दर्ज कराई। दर्ज प्राथमिकी में प्रभारी डॉ अनंत नारायण कश्यप ने बताया कि वे छपरा ट्रेनिंग में गये थें वहां से जब वापस अस्पताल लौटें तों देखा कि बसोही गांव से सड़क दुघर्टना में घायल को अस्पताल लाया गया था जहां आयुष चिकित्सक डॉ ललिता कुमारी ने मृत घोषित कर दिया है। अस्पताल परिसर के बाहर दैनिक जागरण के पत्रकार प्रकाश सिंह, जदयू युवा के सचिव मुकेश कुमार सिंह और राजद किसान प्रकोष्ठ के अध्यक्ष सह बंगरा उप मुखिया शिव कुमार यादव द्वारा दुमदुमा गांव निवासी सद्दाम हुसैन को उसकाया गया कि ड्यूटी पर आयुष चिकित्सक हैं, सभी के द्वारा पुलिस की मौजूदगी में गाली गलौज की गयी और मेरे साथ मारपीट की कोशिश की गयी। उन्होंने कहा कि सभी अस्पताल परिसर का माहौल बराबर बिगाड़ते हैं। पुलिस मामले में प्राथमिकी दर्ज कर जांच पड़ताल कर रही है। मामले में जदयू नेता मुकेश कुमार सिंह ने बताया कि उन्होंने अस्पताल प्रभारी की अनियमितता और भ्रष्टाचार की शिकायत सारण डीएम और सिविल सर्जन को दर्ज कराई है। वहीं पत्रकार प्रकाश सिंह ने बताया कि वे बराबर दैनिक जागरण के माध्यम से अस्पताल में मची लूट, भ्रष्टचार और इलाज में लापरवाही और चिकित्सकों के ड्यूटी से गायब रहने की खबर प्रमुखता से प्रकाशित की जाती है,उसी को लेकर उन्हें कानूनी पेंच में फसाने की कोशिश की गयी हैं। उप मुखिया शिव कुमार यादव ने बताया कि उन्होंने बंगरा गांव मारपीट के मामले में प्रभारी डॉ अनंत नारायण कश्यप पर फर्जी तरीके से इंज्यूरी बनानें की प्राथमिकी दर्ज कराई है। फर्जी इंज्यूरी की जिला स्तरीय जांच टीम ने भी जांच में सही पाया है।

## मशरक में पांच लाभुकों को सीओ ने सौंपा चार लाख का चेक

**दैनिक खोज खबर/मशरक (सारण)।** मशरक अंचल कार्यालय परिसर में सीओ सुमंत कुमार ने अलग-अलग घटनाओं में मृतक के आश्रितों को बिहार सरकार के आपदा प्रबंधन विभाग की तरफ से मुवाअजा का चेक सौंप दिया गया। बहरौली गांव निवासी अमितेश कुमार के पुत्र दिव्यांश कुमार के पानी में डूबने से मौत हो जाने पर 4 लाख का चेक सौंपा गया। मशरक पश्चिम टोला निवासी अनिल कुमार राम के पिता शिवनाथ राम की सड़क दुघर्टना में मौत हो गई। जिसमें 4 लाख का चेक सौंपा गया। नवादा गांव में पवन कुमार को सुंदरम कुमार की पानी में डूबने से मौत हो जाने पर 4 लाख का चेक सौंपा गया और देवरिया गांव निवासी मृतक अभी कुमार की पानी में डूबकर मौत हो गई जिसमें आश्रित सुधीर सिंह को 4 लाख का चैक सौंप दिया गया। वहीं घोघिया गांव निवासी मृतक विरू कुमार के आश्रित चंदा देवी को 4 लाख रुपए का चेक सौंपा गया।

## मढ़ौरा से चार साल पहले गायब किशोर हिमाचल प्रदेश से बरामद

**दैनिक खोज खबर/मढ़ौरा (सारण)।** स्थानीय प्रखंड के अंवारी गांव से चार साल पहले लापता हुआ एक किशोर पुलिस की मुस्तैदी से हिमाचल प्रदेश से सकुशल बरामद कर लिया गया है। शनिवार को पुलिस ने किशोर को छपरा न्यायालय में बयान दर्ज कराने के बाद उसके माता-पिता को सौंप दिया। किशोर की बरामदगी के बाद से परिवार में खुशी का माहौल है।

**स्कूल से घर लौटने के दौरान हुआ था गायबः** पुलिस के अनुसार, अंवारी निवासी ग्रामीण चिकित्सक इरसाद आलम का पुत्र शाहिद आलम 4 मार्च 2022 को मढ़ौरा मुख्य बाजार स्थित सेंट मैरी चिल्ड्रेन स्कूल पढ़ने गया था। वहां से घर लौटने के दौरान वह संदिग्ध परिस्थितियों में लापता हो गया था। काफी खोजबीन के बाद भी जब उसका सुराग नहीं मिला, तो पिता के आवेदन पर मढ़ौरा थाने में अपहरण का मामला थानाकांड संख्या 148/22 दर्ज किया गया था। पुलिस तभी से लगातार मामले की छानबीन कर रही थी, लेकिन कोई सुराग नहीं मिल पा रहा था।

**पैन कार्ड की डिलीवरी से मिला सुराग :** थानाध्यक्ष राजकिशोर प्रसाद ने बताया कि करीब एक सप्ताह पहले लापता शाहिद के नाम से उसके घर पर एक पैन कार्ड डाक द्वारा डिलीवर हुआ। इसकी भनक लगते ही पुलिस सक्रिय हो गई। पुलिस ने पैन कार्ड के लिए दिए गए मोबाइल नंबर और संबंधित अप्लाई सेंटर की कड़ियों को जोड़ तकनीकी अनुसंधान और परिजनों के सहयोग से पुलिस टीम ने लोकेशन का पता लगाकर किशोर को हिमाचल प्रदेश से सकुशल बरामद कर लिया। मढ़ौरा लाने के बाद जरूरी कानूनी प्रक्रिया पूरी करते हुए शनिवार को किशोर को बयान दर्ज कराने के लिए कोर्ट भेजा गया और परिजनों को सौंप दिया गया।

## मशरक में पंचायती राज मंत्री दीपक प्रकाश का गर्मजोशी से स्वागत



**दैनिक खोज खबर/मशरक (सारण)।** मशरक के महाराणा प्रताप चौक पर बिहार सरकार के पंचायती राज मंत्री दीपक प्रकाश का भाजपा कार्यकर्ताओं द्वारा भव्य स्वागत किया गया। सिवान से पटना जाने के दौरान मंत्री के मशरक पहुंचने पर कार्यकर्ताओं ने फूल-माला पहनाकर उनका अभिनंदन किया। स्वागत कार्यक्रम भाजपा जिला मंत्री बीरबल प्रसाद कुशवाहा एवं शौकत अली के नेतृत्व में आयोजित किया गया। मौके पर रंजन प्रसाद, सोनू कुमार, विकास कुमार, रंजीत कुमार, बृजकिशोर यादव,रौशन कुमार समेत बड़ी संख्या में लोग मौजूद रहे। जैसे ही उनका काफिला वहां पहुंचा, कार्यकर्ताओं ने जोरदार नारेबाजी करते हुए उनका स्वागत किया। कार्यक्रम के दौरान कार्यकर्ताओं ने मंत्री से मुलाकात कर क्षेत्र के विकास से जुड़े विभिन्न मुद्दों पर चर्चा की। मंत्री दीपक प्रकाश ने पंचायत चुनाव को लेकर सरकार की तैयारियों की जानकारी दी। उन्होंने कहा कि पंचायत चुनाव निर्धारित समय पर कराने के लिए विभागीय स्तर पर आवश्यक प्रक्रियाएं पूरी की जा रही हैं। आरक्षण रोस्टर तैयार करने का कार्य प्रगति पर है और सरकार चुनाव की सभी औपचारिकताओं को समयबद्ध तरीके से पूरा करने के लिए प्रतिबद्ध है। उन्होंने कहा कि पंचायतें ग्रामीण विकास की सबसे महत्वपूर्ण इकाई हैं और सरकार इन्हें अधिक सशक्त बनाने की दिशा में लगातार काम कर रही है।

# बिहार सब जूनियर बालिका हैंडबॉल में सारण को तृतीय स्थान ट्रॉफी एवं कांस्य पदक




**दैनिक खोज खबर/सासाराम।** 11वीं बिहार राज्य सब जूनियर बालिका हैंडबॉल में सारण की बेटियों ने बेहतर खेल का प्रदर्शन करते हुए तृतीय स्थान की ट्रॉफी एवं कांस्य पदक अपने नाम किया। सासाराम के एबीआर फाउंडेशन स्कूल के क्रीड़ा मैदान में बिहार हैंडबॉल संघ के तत्वाधान में रोहतास जिला हैंडबॉल द्वारा आयोजित इस प्रतियोगिता में सारण टीम ने बेहतर प्रदर्शन के साथ क्वार्टर फाइनल तक सभी मैच जीत सेमीफाइनल में पहुंची जहां पटना ने दो गोल के अंतर से सारण को फाइनल में पहुंचने से रोक दिया। जिसके बाद सारण तृतीय स्थान की ट्रॉफी एवं कांस्य पदक से संतोष करना पड़ा। प्रतियोगिता में सारण पूल ए के सभी मैच में बेहतर खेल का प्रदर्शन करते हुए से औरंगाबाद को 12 - 02 से , पूर्वी चंपारण मोतिहारी को 9 - 4 से जबकि दरभंगा को 5 - 0 गोल के अंतर से जबकि क्वार्टर फाइनल में गोपालगंज को 5 - 0 गोल के अंतर पर रोकते हुए सेमीफाइनल में प्रवेश किया था । सारण जिला हैंडबॉल संघ के सचिव संजय कुमार सिंह ने बताया कि सारण टीम से बेहतर खेल का प्रदर्शन करते हुए सर्वाधिक गोल खुशी कुमारी , करिश्मा कुमारी , मानसी , अनामिका सहित अन्य ने किया ।

टीम में शामिल अन्य खिलाड़ियों में गोलकीपर गुड़िया , राजनंदनी के अलावे प्रीति , अनन्या, आरती , रिचा , पलक , रोशनी , संजना , सोनाक्षी ने टीम प्रशिक्षक आकाश कुमार के देखरेख में बेहतर प्रदर्शन किया। मैच का संचालन बिहार हैंडबॉल संघ के महासचिव ब्रजकिशोर शर्मा एवं आयोजन सचिव विनय कृष्ण कर रहे है। सारण टीम के बेहतर प्रदर्शन पर मुख्य संरक्षक विधान पार्षद इंजीनियर सच्चिदानंद राय, जिला खेल पदाधिकारी मो शमीम अंसारी , कार्यकारी अध्यक्ष डॉ हरेंद्र सिंह , संरक्षक जितेंद्र सिंह , इंजीनियर ललित सिंह, उपाध्यक्ष अजीत सिंह मुखिया , राकेश कुमार सिंह , ठाकुर विनोद सिंह , राष्ट्रीय खिलाड़ी रितेश कुमार सिंह , राष्ट्रीय खिलाड़ी सह प्रशिक्षक अभिषेक कुमार सिंह , कोषाध्यक्ष प्रिंस कुमार, अमित कुमार , मनोकामना सिंह, सुजीत कुमार, सिकंदर कुमार , पुष्पा कुमारी , तृप्ति कुमारी, दीपशिखा कुमारी सहित अन्य ने बधाई देते हुए बेहतर प्रदर्शन की शुभकामना दी।

## बीपीएससी 70वीं परीक्षा में छपरा के शशांक गौरव ने लहराया परचम, हासिल की दूसरी रैंक

**दैनिक खोज खबर/छपरा।** बिहार लोक सेवा आयोग की 70वीं संयुक्त प्रतियोगी परीक्षा के परिणाम घोषित होते ही सारण जिले में खुशी की लहर दौड़ गई है।जिले के बनियापुर प्रखंड के पंचमहला सहाजितपुर पंचायत के मूल निवासी शशांक गौरव ने इस प्रतिष्ठित परीक्षा में पूरे राज्य में दूसरा स्थान (रैंक 2) हासिल कर जिले का नाम रोशन किया है।शशांक गौरव के पिता सुभाष ओझा एक साधारण परिवार से आते हैं।उन्होंने बताया कि शशांक बचपन से ही पढ़ाई में बेहद तेज थे और हमेशा किताबों में डूबे रहते थे।शशांक ने अपनी शुरुआती शिक्षा छपरा के ही एक प्राइवेट स्कूल से प्राप्त की. इसके बाद उन्होंने उच्च शिक्षा के लिए दिल्ली का रुख किया और दिल्ली विश्वविद्यालय के प्रतिष्ठित रामजस कॉलेज से अपनी स्नातक की पढ़ाई पूरी की।यह शशांक की पहली बड़ी सफलता नहीं है।इससे पहले उन्होंने संघ लोक सेवा आयोग द्वारा आयोजित केंद्रीय सशस्त्र पुलिस बल की असिस्टेंट कमांडेंट परीक्षा में देशभर में 57वीं रैंक हासिल कर अपनी प्रतिभा का लोहा मनवाया था।

## भरत तिवारी एनकाउंटर मामले को लेकर जलालपुर में निकला कैंडल मार्च



**दैनिक खोज खबर/जलालपुर(सारण)।** भरत तिवारी एनकाउंटर मामले को लेकर जलालपुर में लोगों का आक्रोश देखने को मिला। न्याय की मांग को लेकर महेंद्र मिश्रा चौक से सैकड़ों युवाओं और स्थानीय लोगों ने कैंडल मार्च निकाला। यह मार्च महेंद्र मिश्रा चौक से शुरू होकर जलालपुर प्रखंड कार्यालय तक पहुंचा।कैंडल मार्च में शामिल लोगों ने सरकार और पुलिस प्रशासन के रवैये पर सवाल उठाते हुए दोषी पुलिसकर्मियों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की मांग की। प्रदर्शनकारियों का कहना था कि मामले की निष्पक्ष जांच कराई जाए तथा जिन अधिकारियों और कर्मियों की भूमिका संदिग्ध हो, उन्हें तत्काल निलंबित किया जाए।

इस दौरान लोगों ने शांतिपूर्ण ढंग से न्याय की मांग करते हुए कहा कि कानून के राज में किसी भी प्रकार की लापरवाही या मनमानी स्वीकार नहीं की जा सकती। उन्होंने प्रशासन से पारदर्शी जांच कर सच्चाई सामने लाने की अपील की। कैंडल मार्च में विवेकानंद तिवारी, अभिजीत मिश्रा, सविन्द्र सिंह सहित जलालपुर के सैकड़ों युवा और स्थानीय नागरिक मौजूद रहे।

## सिंगल यूज पॉलीथिन के खिलाफ मढ़ौरा नगर पंचायत की छापेमारी, चार दुकानों से वसूला जुर्माना



**दैनिक खोज खबर/मढ़ौरा।** प्रतिबंधित सिंगल यूज पॉलीथिन के उपयोग के विरुद्ध मढ़ौरा नगर पंचायत प्रशासन ने शुक्रवार को मुख्य मार्ग और बाजार क्षेत्र की दर्जनों दुकानों पर सघन छापेमारी अभियान चलाया। इस कार्रवाई से पूरे बाजार में हड़कंप मच गया। नगर पंचायत के जेई शशि शेखर ने बताया कि अभियान के दौरान चार फुटकर दुकानदारों को प्रतिबंधित पॉलीथिन का उपयोग करते हुए पकड़ा गया, जिनसे मौके पर कुल 1400 रुपये जुर्माना वसूला गया।

छापेमारी टीम ने दुकानदारों और आम लोगों को सिंगल यूज पॉलीथिन से पर्यावरण और स्वास्थ्य को होने वाले नुकसान के प्रति आगाह किया। साथ ही चेतावनी दी कि सरकार द्वारा 50 माइक्रोन से कम मोटाई की पॉलीथिन को पूरी तरह प्रतिबंधित किया गया है, जबकि सिंगल कैरी बैग के लिए 75 माइक्रोन के प्लास्टिक प्रतिबंधित है।

इसलिए इसका उपयोग तुरंत बंद करें। नगर पंचायत प्रशासन पॉलीथिन मुक्ति के लिए लगातार नुक्कड़ नाटकों के जरिए जागरूकता अभियान भी चला रहा है। इस मौके पर जेई शशि शेखर, स्वच्छता पदाधिकारी रश्मि कुमारी सहित नगर पंचायत के कई कर्मी मुख्य रूप से मौजूद थे।

## मशरक में खेत से भारी मात्रा में शराब बरामद , धंधेबाज फरार

**दैनिक खोज खबर/मशरक (सारण)।** मशरक के लखनपुर गांव में खेत से भारी मात्रा में अंग्रेजी शराब बरामद किया। अपर थानाध्यक्ष सम्पूर्णानंद ने बताया कि गुप्त सूचना के आधार पर लखनपुर में खेत से 248 लीटर अंग्रेजी शराब बरामद किया गया, वहीं पुलिस बल को देख धंधेबाज फरार हो गया। उन्होंने बताया कि शराब धंधेबाज लखनपुर गांव निवासी संजय राय को नामजद आरोपी बनाते हुए प्राथमिकी दर्ज कराई गई है, वहीं गिरफ्तारी के लिए छापेमारी की जा रही है।

## मशरक अंचल कार्यालय में जनता दरबार आयोजित, तीन मामलों का हुआ निष्पादन



**दैनिक खोज खबर/मशरक (सारण)।** मशरक अंचल कार्यालय परिसर में शनिवार को आयोजित जनता दरबार में सीओ सुमंत कुमार एवं दारोगा मुन्ना कुमार ने लोगों की समस्याएं सुनीं और उनके समाधान को लेकर सुनवाई की। इस दौरान भूमि विवाद सहित विभिन्न मामलों पर पक्षकारों की बातें सुनकर आवश्यक निर्देश दिए गए। सीओ सुमंत कुमार ने बताया कि जनता दरबार में दो नए मामले दर्ज किए गए, जबकि पहले से 14 मामले लंबित थे। सभी मामलों पर सुनवाई करते हुए तीन मामलों का निष्पादन कर दिया गया। शेष मामलों के त्वरित समाधान के लिए संबंधित पक्षों एवं अधिकारियों को आवश्यक निर्देश दिए गए। उन्होंने कहा कि जनता दरबार का उद्देश्य आम लोगों की भूमी विवादों की समस्याओं का स्थानीय स्तर पर शीघ्र समाधान सुनिश्चित करना है।

## मढ़ौरा में राजस्व पदाधिकारी ने लगाया जनता दरबार, सुनवाई के दौरान 4 मामलों का हुआ निष्पादन




**दैनिक खोज खबर/मढ़ौरा(सारण)।** स्थानीय अंचल कार्यालय परिसर स्थित प्रखंड सभागार में शनिवार को अंचलाधिकारी के निर्देश पर जनता दरबार का आयोजन किया गया। जिसमें राजस्व पदाधिकारी सुनील कुमार सिंह ने जनता दरबार में क्षेत्र के विभिन्न हिस्सों से पहुंचे ग्रामीणों की समस्याओं की सुनवाई की। बताया गया लंबित पुराने 11 मामलों की जन सुनवाई की गई, जिसमें 4 का निष्पादन हुआ। वही जन समस्या के 2 नए आवेदन प्राप्त हुए। अब फिर कुल 9 लंबित मामले लंबित रह गए।

राजस्व पदाधिकारी सुनील कुमार सिंह ने बताया कि शनिवार की जनसुनवाई में गहन जांच के बाद 4 मामले निपटारा के योग्य पाया गया, जिसे मौके पर ही निष्पादित किया गया।

कुछ मामलों में आवेदकों के कागजात त्रुटिपूर्ण या अधूरे पाए गए अथवा कुछ मामलों में दोनों पक्षों के लोग उपस्थित नहीं हुए, जिस कारण भी उनका तत्काल निपटारा संभव नहीं हो सका। लंबित मामले में संबंधित आवेदकों को आवश्यक दस्तावेज दुरुस्त कर अगले शनिवार को आने का निर्देश दिया गया है। इस मौके पर राजस्व पदाधिकारी सुनील कुमार सिंह, अंचल कर्मी चांदनी कुमारी समेत कई फरियादी उपस्थित थे।

## अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के पूर्व सरस्वती शिशु विद्या मंदिर में योग जागरूकता कार्यक्रम आयोजित

**दैनिक खोज खबर/छपरा।** अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के अवसर पर इप्का लैब लिमिटेड के तत्वावधान में सरस्वती शिशु विद्या मंदिर, दर्शन नगर, छपरा परिसर में योग जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का उद्देश्य विद्यार्थियों, शिक्षकों एवं समाज में योग के प्रति जागरूकता बढ़ाना तथा स्वस्थ जीवनशैली को बढ़ावा देना था।कार्यक्रम का प्रारंभ डॉ. ओंकार नाथ , डॉ. सुरेश प्रसाद (सचिव, सरस्वती शिशु विद्या मंदिर, छपरा), विनोद कुमार (प्रधानाचार्य), तथा विवेक कुंवर (मैनेजर) ,अश्वनी मोहन, निकेश रंजन द्वारा दीप प्रज्वलित कर किया गया। अपने संबोधन में वक्ताओं ने कहा कि योग भारतीय संस्कृति की अमूल्य धरोहर है, जो शारीरिक, मानसिक एवं आध्यात्मिक स्वास्थ्य के लिए अत्यंत लाभकारी है। नियमित योगाभ्यास से तनावमुक्त एवं स्वस्थ जीवन संभव है। उन्होंने सभी प्रतिभागियों से योग को दैनिक जीवन का अभिन्न अंग बनाने का आह्वान किया।कार्यक्रम में योग प्रशिक्षकों संगीता सिंह,विशाल सिंह, रंजीता रंजन द्वारा विभिन्न योगासन एवं प्राणायाम का अभ्यास कराया गया, जिसमें सभी प्रतिभागियों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। उपस्थित सभी लोगों ने अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के अवसर पर नियमित योग करने का संकल्प लिया।कार्यक्रम के सफल आयोजन के लिए इप्का लैब लिमिटेड ने सभी प्रतिभागियों के प्रति आभार व्यक्त किया।

## जनता दरबार में एक भूमि विवाद का आपसी सहमति से हुआ निपटारा, एक नया आवेदन आया

**दैनिक खोज खबर/एकमा (सारण)।** साप्ताहिक जनता दरबार के तहत शनिवार को एकमा अंचल कार्यालय में भूमि संबंधी मामलों की सुनवाई की गई। अंचलाधिकारी की अनुपस्थिति में राजस्व पदाधिकारी (आरओ) रामप्रवेश साहू ने फरियादियों की समस्याएं सुनीं तथा संबंधित मामलों की समीक्षा की।जनता दरबार के दौरान भूमि विवाद से संबंधित एक नया आवेदन प्राप्त हुआ। वहीं पूर्व से लंबित मामलों की सुनवाई करते हुए एक भूमि विवाद का दोनों पक्षों की आपसी सहमति से सफलतापूर्वक निष्पादन कर दिया गया। अधिकारियों ने कहा कि भूमि विवादों के त्वरित एवं निष्पक्ष निपटारे के लिए प्रशासन लगातार प्रयासरत है, ताकि लोगों को न्याय के लिए अनावश्यक परेशानियों का सामना न करना पड़े।सुनवाई के दौरान अंचल कार्यालय के प्रधान सहायक सैयद मोहम्मद नजवी, अंचल नाजिर मोहम्मद जहरुद्दीन, लिपिक बृजेश कुमार सिंह, राजस्व कर्मचारी प्रमोद कुमार सिंह, अमीन सरोज कुमार आदि अन्य लोग मौजूद थे। वहीं विधि-व्यवस्था बनाए रखने एवं मामलों के निष्पक्ष निष्पादन के लिए एकमा थानाध्यक्ष राम बालक यादव तथा रसूलपुर थानाध्यक्ष प्रिंस राज भी मौजूद रहे। अधिकारियों ने जनता दरबार में पहुंचे लोगों की समस्याएं गंभीरता से सुनीं और भरोसा दिलाया कि भूमि संबंधी विवादों का नियमानुसार, पारदर्शी एवं शीघ्र समाधान सुनिश्चित किया जाएगा। जनता दरबार के माध्यम से आम लोगों को स्थानीय स्तर पर त्वरित न्याय उपलब्ध कराने की दिशा में प्रशासन की पहल जारी है।

## दंदासपुर पंचायत में विकसित भारत संकल्प सम्मेलन आयोजित

**दैनिक खोज खबर/लहलादपुर (सारण)।** प्रखंड के दंदासपुर पंचायत में शनिवार को विकसित भारत संकल्प सम्मेलन का आयोजन किया गया। सम्मेलन में बड़ी संख्या में भाजपा कार्यकर्ताओं, जनप्रतिनिधियों एवं स्थानीय लोगों ने भाग लिया। कार्यक्रम का उद्देश्य केंद्र सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं की जानकारी आम लोगों तक पहुंचाना तथा विकसित भारत के संकल्प को मजबूत करना था।कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में बिहार विधान परिषद सदस्य (एमएलसी) सच्चिदानंद राय उपस्थित रहे। वहीं भाजपा के जिला अध्यक्ष उमेश तिवारी तथा ब्रजेश सिंह रमन भी मंच पर मौजूद रहे। अतिथियों ने अपने संबोधन में कहा कि प्रधानमंत्री के नेतृत्व में देश विकास के नए आयाम स्थापित कर रहा है। उन्होंने कहा कि केंद्र सरकार की विभिन्न योजनाओं का लाभ समाज के अंतिम व्यक्ति तक पहुंचाने के लिए कार्यकर्ता लगातार प्रयासरत हैं।वक्ताओं ने विकसित भारत के लक्ष्य को प्राप्त करने में युवाओं, किसानों, महिलाओं एवं आम नागरिकों की भूमिका को महत्वपूर्ण बताया। उन्होंने कहा कि आत्मनिर्भर भारत, डिजिटल इंडिया, स्वच्छ भारत, प्रधानमंत्री आवास योजना, उज्ज्वला योजना तथा किसान सम्मान निधि जैसी योजनाओं से करोड़ों लोगों को लाभ मिला है।सम्मेलन में भाजपा जिला उपाध्यक्ष अखिलेश्वर प्रसाद भोला, सूर्यानंदन शाही, मंडल उपाध्यक्ष राजेश प्रसाद, युवा मोर्चा अध्यक्ष सुमित कुमार पांडेय, महामंत्री अखिलेश सिंह, कमल रस्तोगी, पूर्व प्रमुख अनिल सिंह, अरुण पांडेय, संदीप पांडेय, मुन्ना जी, वीरेंद्र पांडेय, बलिराम पांडेय सहित कई कार्यकर्ता एवं स्थानीय लोग उपस्थित रहे।कार्यक्रम के अंत में उपस्थित लोगों ने विकसित भारत के निर्माण में अपनी सक्रिय भागीदारी निभाने का संकल्प लिया। सम्मेलन शांतिपूर्ण एवं उत्साहपूर्ण वातावरण में संपन्न हुआ।

## आंगनवाड़ी केंद्रों पर हुआ सामाजिक अंकेक्षण

**दैनिक खोज खबर/लहलादपुर(सारण)।** प्रखंड क्षेत्र के विभिन्न आंगनवाड़ी केंद्रों पर शनिवार को सामाजिक अंकेक्षण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता संबंधित वार्ड सदस्य एवं पंच सदस्यों ने की। इस दौरान आंगनवाड़ी केंद्रों पर संचालित योजनाओं और सेवाओं की समीक्षा की गई।आंगनवाड़ी सेविकाओं ने उपस्थित ग्रामीणों, जनप्रतिनिधियों एवं अभिभावकों को केंद्र पर दी जाने वाली विभिन्न सुविधाओं की जानकारी दी। उन्होंने बताया कि केंद्रों के माध्यम से बच्चों को पूरक पोषण, प्रारंभिक शिक्षा, टीकाकरण संबंधी जागरूकता तथा गर्भवती एवं धात्री महिलाओं को पोषण एवं स्वास्थ्य संबंधी सेवाएं उपलब्ध कराई जाती हैं।सामाजिक अंकेक्षण के दौरान लाभुकों से योजनाओं के क्रियान्वयन, बच्चों की उपस्थिति, पोषण आहार वितरण तथा अन्य व्यवस्थाओं के बारे में फीडबैक लिया गया। जनप्रतिनिधियों ने केंद्रों के संचालन में पारदर्शिता बनाए रखने और सरकार की योजनाओं का लाभ पात्र लोगों तक पहुंचाने पर जोर दिया।कार्यक्रम में स्थानीय ग्रामीणों, अभिभावकों, आंगनवाड़ी सेविकाओं एवं सहायिकाओं ने भाग लिया।

## सड़क दुर्घटना में वार्ड सदस्य की मौत, परिवार में मचा कोहराम

**दैनिक खोज खबर/इसुआपुर(सारण)।** थाना क्षेत्र के गंगोई गांव निवासी एवं आता नगर पंचायत के वार्ड संख्या 12 के वार्ड सदस्य 45 वर्षीय मनोज राय की सड़क दुर्घटना में मौत हो गई। वे गंगोई गांव निवासी अनिल राय के पुत्र थे। मिली जानकारी के अनुसार मनोज राय गुरुवार की देर रात किसी कार्य से लौटकर अपने घर आ रहे थे। इसी दौरान घर से लगभग 200 गज की दूरी पर चांदपुरा-गंगोई ग्रामीण सड़क पर उनकी बाइक अनियंत्रित होकर सड़क किनारे गिर गई, जिससे वे गंभीर रूप से घायल हो गए और वहीं उनकी मौत हो गई। दुर्घटना की जानकारी शुक्रवार सुबह ग्रामीणों को हुई, जिसके बाद इसकी सूचना स्वजनों को दी गई। घटना की सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए सदर अस्पताल, छपरा भेज दिया। हादसे के बाद परिवार में मातम पसरा हुआ है। मृतक अपने पीछे पत्नी, 10 वर्षीय पुत्र तथा 6 वर्षीय पुत्री को छोड़ गए हैं, जिनके पालन-पोषण की जिम्मेदारी अब परिवार पर आ गई है। थानाध्यक्ष गौरव कुमार गौरव ने बताया कि मामले की जांच के लिए एफएसएल टीम को बुलाया गया था। पुलिस सभी पहलुओं की जांच कर रही है।

# डीएम और एसएसपी ने किया इवीएम वेयरहाउस का त्रैमासिक निरीक्षण



**दैनिक खोज खबर/छपरा।** जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह डीएम वैभव श्रीवास्तव और एसएसपी विनीत कुमार ने शनिवार को सदर प्रखंड के निकट अवस्थित इवीएम वेयरहाउस का त्रैमासिक आंतरिक निरीक्षण किया. उन्होंने बताया कि भारत निर्वाचन आयोग के निदेशानुसार हर माह वेयरहाउस का बाह्य निरीक्षण तथा हर तीन माह पर आंतरिक निरीक्षण करना अनिवार्य है. संबंधित प्रतिवेदन और तस्वीरें ऑन दी स्पॉट जियो टैगिंग के साथ आयोग के वेबसाइट पर पोर्टल के माध्यम से अपलोड किया जाता है. अभी वेयरहाउस में विधानसभा चुनाव के पश्चात इवीएम भंडारित है. इसलिए मानक सुरक्षा और आयोग के प्रोटोकॉल का विशेष ध्यान दिया जाना चाहिए. उन्होंने डबल लॉक सिस्टम से सील वेयरहाउस को राजनीतिक दल के प्रतिनिधियों के समक्ष खुलवाकर अन्दर से निरीक्षण किया. उन्होंने मौके पर ईवीएम इन्वेंट्री रजिस्टर की जांच करते हुए वेयरहाउस के वर्तमान स्टॉक का निरीक्षण किया. कहा कि पारदर्शिता के लिए ईवीएम से संबंधित किसी भी गतिविधि के समय सभी राजनीतिक दलों को विधिवत सूचना देकर आमंत्रित किया जाता है और उनके ही समक्ष कार्य किया जाता है. ईवीएम के भंडारण और सुरक्षा व्यवस्था पर उन्होंने संतोष जाहिर करते हुए उप निर्वाचन पदाधिकारी जावेद एकबाल को निदेश दिया कि त्रैमासिक निरिक्षण के दौरान जब सील खोला जाता है तो अंदर से साफ-सफाई किया जाए. इससे आयोग के धूल रहित परिसर में ईवीएम भंडारित करने के निदेश का अनुपालन किया जा सके. जिला पदाधिकारी ने बिजली, पानी, भवन के रख-रखाव और साफ-सफाई को नियमित करने का निदेश दिया. उन्होंने मशीनों के रख-रखाव और सुरक्षा व्यवस्था में चुनाव आयोग के एसओपी का सख्ती से अनुपालन करने, सीसीटीवी के परिचालन का निरीक्षण करते हुए उसके रिकार्डिंग का नियत समय तक बैकअप सुरक्षित रखने का निदेश दिया. एसएसपी श्री कुमार ने वेयरहाउस पर तैनात स्टैटिक फोर्स को सख्त निदेश देते हुए 24 घंटा सन्तरी ड्युटी करने और किसी भी अनाधिकृत व्यक्ति को कैम्पस में प्रवेश नहीं करने देने, आगंतुक अधिकारियों और पुलिस ड्यूटी लॉगबुक का नियमित संधारण करने, प्रतिस्थापित अग्निशमन यंत्रों को अपडेट रखने का आदेश दिया. इस दौरान जिला अग्निशमन पदाधिकारी राजीव कुमार, जदयू के महासचिव प्रभाष शंकर, लोजपा आर प्रदेश महासचिव अभिजीत सिंह राठौड़, लोजपा के मीडिया प्रभारी मृत्युंजय कुमार सिंह, सीपीआई एमएल के डीसी सदस्य दीपंकर मिश्र समेत अन्य राजनीतिक दलों के प्रतिनिधि उपस्थित थे.

## शिव मंदिर प्राण प्रतिष्ठा को लेकर मलखाचक में भव्य कलशयात्रा, सैकड़ों श्रद्धालु हुए शामिल



**दैनिक खोज खबर/दिघवारा(सारण)।** प्रखंड के मलखाचक गांव में छः दिवसीय शिव मंदिर प्राण प्रतिष्ठा महोत्सव के शुभारंभ को लेकर शनिवार को भव्य कलशयात्रा निकाली गई। इस धार्मिक आयोजन में गांव के सैकड़ों पुरुषों और महिलाओं ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। कलशयात्रा गांव के विभिन्न मार्गों का भ्रमण करते हुए सीढ़ी घाट पहुंची, जहां श्रद्धालुओं ने वैदिक मंत्रोच्चार के बीच गंगा जल कलश में भरा। इसके बाद सभी श्रद्धालु पुनः शिव मंदिर प्रांगण लौटे, जहां आचार्य द्वारा विधिवत मंत्रोच्चार के साथ कलश स्थापना कराई गई। बताया जा रहा है कि यह प्राण प्रतिष्ठा महोत्सव पूरे छह दिनों तक चलेगा, जिसमें प्रतिदिन विभिन्न धार्मिक अनुष्ठान और कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे। गांव में इस आयोजन को लेकर श्रद्धालुओं में खासा उत्साह देखा जा रहा है।

## इनर व्हील क्लब सारण ने मनाया सम्मान समारोह, सदस्य हुए सम्मानित




**दैनिक खोज खबर/छपरा।** इनर व्हील क्लब सारण द्वारा शनिवार को जन्नत होटल, छपरा में एक सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। यह कार्यक्रम सत्र 2025-26 के समापन के अवसर पर अध्यक्ष अंजू फैशन के नेतृत्व में आयोजित हुआ। कार्यक्रम की शुरुआत अध्यक्ष और कार्यकारिणी सदस्यों द्वारा संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलित कर की गई। इसके बाद अध्यक्ष अंजू फैशन ने सभी अतिथियों और सदस्यों का स्वागत किया। सत्र के दौरान बेहतर सहयोग के लिए पूर्व अध्यक्षों–अनु जायसवाल, रूपा गुप्ता, अनीता राज, सुषमा गुप्ता, तनु जायसवाल और शिल्पी कुमारी को प्रतीक चिन्ह देकर सम्मानित किया गया। साथ ही, क्लब की उपाध्यक्ष अंकिता जायसवाल, सचिव रिंकी सिन्हा, कोषाध्यक्ष गायत्री गुप्ता, आईएसओ सुनीता राय और एडिटर पिंकी गुप्ता को भी उनके कार्यों के लिए सम्मानित किया गया।

● विशेष श्रेणी में इन्हें मिला पुरस्कारः

● बेस्ट सपोर्टिंग मेंबर : कामिनी जायसवाल

● बेस्ट अटेंडेंसः प्रिया साह

● बेस्ट फेलोशिपः सुषमा गुप्ता और गायत्री गुप्ता

● एक्टिव मेंबरः मंजू गुप्ता

● सपोर्टिंग मेंबर : डॉ. मदन प्रसाद, राजेश फैशन और वासु

इसके अलावा, क्लब के सामाजिक कार्यों को लोगों तक पहुंचाने के लिए उपस्थित मीडियाकर्मियों को भी मोमेंटो देकर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम का मंच संचालन पूर्व अध्यक्ष अनीता राज ने किया और धन्यवाद ज्ञापन उपाध्यक्ष अंकिता जायसवाल ने दिया।

## आईजी विकास वैभव से भाजपा नेता राकेश सिंह ने की मुलाकात, बाबा हरिहरनाथ का प्रसाद किया भेंट




**दैनिक खोज खबर/पटना।** भाजपा के प्रदेश कार्यसमिति सदस्य राकेश कुमार सिंह ने शनिवार को मगध रेंज के आईजी विकास वैभव से मुलाकात की। इस दौरान उन्होंने आईजी को बाबा हरिहरनाथ का प्रसाद और प्रतीक चिह्न भेंट कर उनका स्वागत व अभिनंदन किया। साथ ही उनके उज्ज्वल कार्यकाल के लिए शुभकामनाएं दीं। इस अवसर पर युवा मोर्चा के जिला उपाध्यक्ष सुमंत बाबा, संदीप कुमार और शुभम कुमार सिंह सहित कई अन्य लोग उपस्थित थे।मुलाकात के बाद भाजपा नेता राकेश कुमार सिंह ने कहा कि आईजी विकास वैभव का अब तक का कार्यकाल बेहद सराहनीय रहा है। वह बिहार के जिस भी क्षेत्र में रहे, वहां अपनी विशिष्ट कार्यशैली के कारण जनता के बीच बेहद लोकप्रिय रहे हैं। उनके प्रयासों से आम जनता और पुलिस के बीच की दूरी कम हुई है। अब आम लोग सीधे आईजी साहब तक अपनी बात पहुंचा पा रहे हैं और उनकी समस्याओं का त्वरित निपटारा भी हो रहा है, जिससे पुलिस प्रशासन पर जनता का भरोसा बढ़ा है।राकेश सिंह ने आईजी द्वारा चलाए जा रहे 'लेट्स इंस्पायर बिहार' अभियान की भी सराहना की। उन्होंने कहा कि इस अभियान ने बिहार के हर वर्ग के लोगों को एक मंच पर लाने का बेहतरीन काम किया है। इससे प्रदेश के युवाओं के भीतर एक नई और सकारात्मक ऊर्जा का संचार हुआ है, जिसकी हर तरफ चर्चा हो रही है।

## सबलपुर में बिजली चोरी करते एक व्यक्ति पकड़ा,हुआ सोनपुर थाना में प्राथमिकी

**दैनिक खोज खबर/सोनपुर।** सोनपुर थाना क्षेत्र के सबलपुर लालु यादव हाई स्कूल के नजदीक रत्नेश कुमार पिता ऋषिदेव राय के यहां विधुत विभाग के टीम ने छपामारी कर अवैध तरिके से विधुत चोरी करते पकड़ा। इस बात की जानकारी देते हुए सहायक विद्युत अभियंता शम्भु कुमार ने शनिवार को बताया कि रत्नेश कुमार पिता ऋषि देव राय के यहां बकाया राशि 39103 /- रुपया था जिसके वजह से विधुत विच्छेद कर दिया गया था जहाँ इन्होने मात्र 15 हजार रूपये जमा किया था लेकिन बिना आरसी कटाये या बकाया राशि जमा किए चोरी से अवैध तरिके से विधुत का उपयोग कर रहे थे जहाँ छपामारी के दौरान पकड़े गए.जिससे विभाग को 102445 /-रुपया की क्षती हुई है इनके ऊपर 24103/- पहले से बकाया राशि है कुल ? 126548/- की वसूली करनी है। इसके लेकर रत्नेश कुमार के ऊपर विभागीय करवाई करते हुए सोनपुर थाना में प्राथमिक की दर्ज की गई है। सहायक विद्युत अभियंता शंभू कुमार ने सभी नागरिकों से अपील करते हुए कहा कि विद्युत का सही उपयोग करें फिजुल बिजली खर्च करने से बचे और स-समय विद्युत राशि का जमा करें,बिजली चोरी से नहीं जलाए नहीं तो विभागीय कार्रवाई पकड़े जाने पर की जाएगी। उन्होंने कहा कि बिजल चोरी करने वाले लोगो के खिलाफ यह छपमारी चलती रहेगी।

## सबलपुर में बिजली चोरी करते एक व्यक्ति पकड़ा,हुआ सोनपुर थाना में प्राथमिकी

**दैनिक खोज खबर/सोनपुर।** सोनपुर थाना क्षेत्र के सबलपुर लालु यादव हाई स्कूल के नजदीक रत्नेश कुमार पिता ऋषिदेव राय के यहां विधुत विभाग के टीम ने छपामारी कर अवैध तरिके से विधुत चोरी करते पकड़ा।इस बात की जानकारी देते हुए सहायक विद्युत अभियंता शम्भु कुमार ने शनिवार को बताया कि
रत्नेश कुमार पिता ऋषि देव राय के यहां बकाया राशि 39103 /– रुपया था जिसके वजह से विधुत विच्छेद कर दिया गया था जहाँ इन्होने मात्र 15 हजार रूपये जमा किया था लेकिन बिना आरसी कटाये या बकाया राशि जमा किए चोरी से अवैध तरिके से विधुत का उपयोग कर रहे थे जहाँ छपामारी के दौरान पकड़े गए.जिससे विभाग को 102445 /–रुपया की क्षती हुई है इनके ऊपर ? 24103/– पहले से बकाया राशि है कुल 126548/– की वसूली करनी है।इसके लेकर रत्नेश कुमार के ऊपर विभागीय करवाई करते हुए सोनपुर थाना में प्राथमिक की दर्ज की गई है।सहायक विद्युत अभियंता शंभू कुमार ने सभी नागरिकों से अपील करते हुए कहा कि विद्युत का सही उपयोग करें फिजुल बिजली खर्च करने से बचे और स–समय विद्युत राशि का जमा करें,बिजली चोरी से नहीं जलाए नहीं तो विभागीय कार्रवाई पकड़े जाने पर की जाएगी।

## सोनपुर रेल मंडल में द्वितीय पेंशन अदालत का हुआ आयोजन

**दैनिक खोज खबर/सोनपुर।** रेल कर्मचारियों एवं पेंशनभोगियों की समस्याओं के त्वरित एवं प्रभावी समाधान के उद्देश्य से सोनपुर मंडल रेल प्रबंधक कार्यालय के सभा कक्ष में वर्ष 2026 की द्वितीय पेंशन अदालत का आयोजन किया गया।उक्त बात के जनकारी देते हुए पीआरआई राम प्रताप सिंह ने शनिवार क़ो बताया कि पेंशन अदालत का आयोजन किया।जिसमे कुल 10 मामले प्राप्त हुए, जिनमें से लगभग सभी मामलों का मौके पर ही निष्पादन कर दिया गया।शेष मामलों के शीघ्र समाधान हेतु संबंधित अधिकारियों को आवश्यक निर्देश प्रदान किए गए।इस अवसर पर अपर मंडल रेल प्रबंधक सुमन कुमार तांती, वरिष्ठ मंडल कार्मिक अधिकारी दिलीप पासवान, मंडल लेखा अधिकारी, सहायक कार्मिक अधिकारी, सेवानिवृत्त कर्मचारी संघ (रिटायर्ड एसोसिएशन) के अध्यक्ष एवं सचिव, विभिन्न यूनियनों तथा एसोसिएशनों के अध्यक्ष एवं सचिव उपस्थित रहे।

## सरकारी काम में बाधा पहुंचाने के मामले में प्राथमिकी दर्ज

**दैनिक खोज खबर/मांझी(सारण)।** एनएच 19 के मांझी छपरा मुख्य मार्ग पर शुक्रवार को कौरुधौरु के समीप सड़क जाम कर रहे उग्र लोगों के खिलाफ पुलिस ने बड़ी कार्रवाई की है। सड़क जाम कर आवागमन अवरुद्ध करने तथा पुलिस पर पथराव करके सरकारी काम में बाधा पहुंचाने के मामले में मांझी के थानाध्यक्ष बिनोद कुमार के बयान पर मांझी थाने में एक प्राथमिकी दर्ज कराई गई है। दर्ज प्राथमिकी में कुल 25 लोगों को नामजद तथा 80 से 90 अज्ञात लोगों को आरोपी बनाया गया है। पुलिस ने उक्त मामले में एक आरोपी को गिरफ्तार भी किया है तथा तीन बाइक को जब्त कर लिया है। बताते चलें कि शुक्रवार को मांझी के दुर्गापुर ब्रम्ह स्थान के समीप हुई ऑटो व बाइक की टक्कर में कौरुधौरु निवासी स्व राम परसन साह के पुत्र मुकेश कुमार साह की दर्दनाक मौत हो गई थी। बाद में मौत की सूचना मिलने के बाद सैकड़ों आक्रोशित लोगों द्वारा स्थानीय औधड बाबा मंदिर के समीप सड़क जाम कर दिया गया था।

## जनता दरबार में आपसी सहमति से सुलझे चार पुराने विवाद

**दैनिक खोज खबर/इसुआपुर(सारण)।** थाना परिसर इसुआपुर में शनिवार को आयोजित जनता दरबार में चार पुराने मामलों का आपसी सहमति और सूझबूझ के साथ निष्पादन कर दिया गया।दोनों पक्षों ने आपसी मतभेद भुलाकर विवाद का शांतिपूर्ण समाधान स्वीकार किया।पहला मामला टेढ़ा गांव के लाल साहेब सिंह और धनंजय राय के बीच चल रहे विवाद से जुड़ा था। वहीं दूसरा मामला महुली गांव निवासी सैदा खातून और मुस्लिम अंसारी तथा तीसरा मामला इसुआपुर गांव के रामबाबू प्रसाद वगैरह और प्रेम सागर प्रसाद वही चौथा ममता नगरा थाना क्षेत्र के अफौर गांव के अब्दुल शबाब और निपानिया गांव के संतोष शर्मा वगैरह के बीच लंबे समय से लंबित था।

## मोहर्रम पर्व को लेकर शांति समिति की बैठक

**दैनिक खोज खबर/नगरा(सारण)।** मोहर्रम पर्व को लेकर शनिवार को नगरा थाना परिसर में शांति समिति की बैठक आयोजित की गई।बैठक की अध्यक्षता नगरा थानाध्यक्ष अभिनंदन यादव, बीडीओ अनुभव कुमार, सीओ अभिषेक कुमार ने संयुक्त रूप से की।बैठक में विभिन्न पंचायतों से आए जनप्रतिनिधियों एवं गणमान्य व्यक्तियों ने अपनी–अपनी बातों को रखा।थानाध्यक्ष, बीडीओ व सीओ ने संयुक्त रूप से कहा कि मोहर्रम के अवसर पर पुलिस प्रशासन द्वारा क्षेत्र में विशेष निगरानी रखी जाएगी ताकि कोई अप्रिय घटना न हो।उन्होंने सभी जनप्रतिनिधियों से अपील की कि अपने– अपने पंचायतों में लोगों को जागरूक करें तथा जुलूस निकालने के लिए निर्धारित प्रक्रिया के तहत लाइसेंस के लिए आवेदन अवश्य कराएं,ताकि पर्व शांतिपूर्ण एवं व्यवस्थित ढंग से संपन्न हो सके।

## पोखरा से पुलिस ने अज्ञात महिला के शव को किया बरामद

**दैनिक खोज खबर/भेल्दी(सारण)।** स्थानीय थाने के सरायबक्स चंवर स्थित पानी से भरे पोखरा से शनिवार की देर शाम पुलिस ने एक अज्ञात महिला के शव को बरामद किया।मृत महिला की उम्र करीब 30 वर्ष बताई जा रही है।मिली जानकारी के अनुसार शनिवार की शाम कुछ चरवाह अपने मवेशी की सरायबक्स चंवर में चरा रहे थे इसी दौरान कुछ भैंसे पानी से भरे तालाब के अंदर प्रवेश किया और भैंस के वजह से पानी में तैर रहे थे इसी बीच चरवाहों ने मवेशी को निकालने के लिए जब पोखरा के समीप पहुंचा तो देखा कि पोखरा के अंदर एक महिला का शव तैर रहा है।चरवाहा ने शोर मचाया तो धीरे–धीरे लोग जुटने लगे।लोगों ने इसकी सूचना भेल्दी पुलिस को दी।पुलिस ने मौके पर पहुंच शव को पोखरा से निकालने के बाद शव के शिनाख्त करने में जुट गई।

# सोनपुर अनुमंडल अस्पताल में एंटी-रेबीज वैक्सीन का संकट

### मरीज बाहर से महंगे दाम पर खरीदने को मजबूर

**दैनिक खोज खबर/सोनपुर।** सोनपुर अनुमंडल अस्पताल में इन दिनों एंटी-रेबीज वैक्सीन के नहीं रहने से मरीजों को गंभीर परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। अस्पताल में वैक्सीन उपलब्ध नहीं रहने के कारण कुत्ते के काटने से पीड़ित मरीजों को बाहर मेडिकल दुकानों से 350 से 500 रुपये प्रति डोज तक खरीदकर लगवाना पड़ रहा है। इसका सबसे अधिक असर गरीब और आर्थिक रूप से कमजोर परिवारों पर पड़ रहा है, जिनके लिए इतनी महंगी वैक्सीन खरीद पाना आसान नहीं है।

सारण डीएम वैभव श्रीवास्तव ने भी अस्पताल के औचक निरिक्षण के दौरान अस्पताल के कार्य प्रणाली से नाराज होते हुए कार्य के प्रति जवाब देही निभाने की बात कही थी लेकिन अस्पताल कर्मी अपने कार्य के प्रति कितना जवाब देही है इसी से अनुमान लगाया जा सकता है.क्षेत्र में लगातार आवारा कुत्तों की संख्या बढ़ रही है। नगर पंचायत क्षेत्र से लेकर ग्रामीण इलाकों तक अनेकों स्थानों पर आवारा कुत्तों का आतंक देखा जा रहा है। आए दिन कुत्तों के काटने की घटनाएं सामने आती रहती हैं, जिससे अस्पताल में मरीजों की संख्या भी बढ़ रही है। लेकिन अस्पताल में आवश्यक एंटी-रेबीज वैक्सीन उपलब्ध नहीं होने से मरीजों और उनके परिजनों में नाराजगी बढ़ रही है।स्वास्थ्य विशेषज्ञों के अनुसार, कुत्ते के काटने के बाद समय पर एंटी-रेबीज वैक्सीन लगना बेहद जरूरी होता है। यदि समय पर उपचार नहीं मिले तो रेबीज जैसी घातक बीमारी का खतरा बढ़ जाता है, जो जानलेवा साबित हो सकती है। ऐसे में अस्पताल में वैक्सीन की अनुपलब्धता चिंता का विषय बन गई है।

वहीं एक और गंभीर समस्या यह भी सामने आ रही है कि शहर और ग्रामीण क्षेत्रों में कुत्ता पालने वाले कई लोग अपने पालतू कुत्तों को नियमित रूप से रेबीज तथा कॉम्बिनेशन वैक्सीन जैसे 7-इन-1 या 9-इन-1 नहीं लगवा रहे हैं। पशु चिकित्सकों का कहना है कि पालतू कुत्तों का समय-समय पर टीकाकरण बेहद आवश्यक है, ताकि रेबीज समेत अन्य संक्रमणों के फैलने का खतरा कम हो सके। जागरूकता की कमी और लापरवाही के कारण यह समस्या और गंभीर होती जा रही है।

स्थानीय लोगों का कहना है कि सरकारी अस्पतालों में मुफ्त या कम लागत पर उपलब्ध होने वाली जीवनरक्षक वैक्सीन का अभाव स्वास्थ्य व्यवस्था पर सवाल खड़ा करता है। लोगों ने स्वास्थ्य विभाग से जल्द से जल्द पर्याप्त मात्रा में एंटी-रेबीज वैक्सीन उपलब्ध कराने की मांग की है, ताकि मरीजों को राहत मिल सके।

सामाजिक कार्यकर्ताओं ने भी प्रशासन से अपील की है कि आवारा कुत्तों की बढ़ती संख्या पर नियंत्रण के लिए ठोस कदम उठाए जाएं तथा कुत्ता पालने वालों के लिए नियमित टीकाकरण सुनिश्चित कराया जाए। स्थानीय लोगों का कहना है कि यदि समय रहते व्यवस्था नहीं सुधरी तो कुत्तों के काटने की घटनाओं के साथ गंभीर स्वास्थ्य संकट भी बढ़ सकता है।

## सोनपुर रेल मंडल द्वारा नीट परीक्षा के अभ्यर्थियों की सुविधा हेतु विशेष परीक्षा स्पेशल ट्रेन का होगा परिचालन

**दैनिक खोज खबर/सोनपुर।** नीट परीक्षा-2026 में सम्मिलित होने वाले अभ्यर्थियों की सुविधा को ध्यान में रखते हुए रेलवे प्रशासन द्वारा दिनांक 21 जून 2026 को एक विशेष परीक्षा स्पेशल ट्रेन (03217) का परिचालन किया जाएगा। यह विशेष ट्रेन नवगछिया से सायं 18:00 बजे प्रस्थान कर खगड़िया, बेगूसराय, बरौनी, शाहपुर पटोरी, हाजीपुर एवं सोनपुर होते हुए पाटलिपुत्र स्टेशन तक जाएगी। सोनपुर रेल मंडल द्वारा नीट परीक्षा के अभ्यर्थियों की सुविधा हेतु विशेष परीक्षा स्पेशल ट्रेन का परिचालन किया जा रहा है।

# 12 साल बेमिसाल कार्यक्रम के अंतर्गत प्राकृतिक खेती कार्यशाला का हुआ आयोजन



**परवेज़ अख्तर/दैनिक खोज खबर/सीवान।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में केंद्र सरकार के सफल एवं जनकल्याणकारी 12 साल बेमिसाल कार्यक्रम के अंतर्गत शनिवार को भाजपा द्वारा प्राकृतिक खेती कार्यशाला का आयोजन चाप ढाला स्थित भाजपा जिला कार्यालय में किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता भाजपा जिलाध्यक्ष राहुल तिवारी ने की।भाजपा मीडिया प्रभारी आदित्य कुमार पाठक ने प्रेस विज्ञप्ति जारी कर बताया कि इस अवसर पर जिले के विभिन्न प्रखंडों से आए लगभग सौ किसानों ने भाग लिया तथा प्राकृतिक एवं उन्नत खेती के विषय में विशेषज्ञों से प्रशिक्षण प्राप्त किया। कार्यशाला में किसानों को प्राकृतिक खेती के लाभ, मिट्टी की उर्वरता बढ़ाने के उपाय, मिट्टी में जैविक जीवन को पुनर्स्थापित करने की तकनीक, बहुफसली खेती प्रणाली, फसल एवं बीज विविधता, मिट्टी पोषण, नमी संरक्षण, कीट एवं रोग प्रबंधन तथा कृषि आधारित अतिरिक्त आय के स्रोतों के बारे में विस्तार से जानकारी दी गई। प्रशिक्षण के दौरान किसानों को बताया गया कि प्राकृतिक खेती अपनाने से उत्पादन लागत में कमी आती है, भूमि की उर्वरता बढ़ती है, पर्यावरण संरक्षण को बढ़ावा मिलता है तथा किसानों की आय में वृद्धि होती है। साथ ही पशुपालन, मत्स्य पालन, मधुमक्खी पालन एवं सामाजिक वानिकी जैसे सहायक कार्यों के माध्यम से अतिरिक्त आय अर्जित करने के उपायों पर भी चर्चा की गई।इस अवसर पर जिलाध्यक्ष ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में देश में कृषि क्षेत्र को आत्मनिर्भर एवं समृद्ध बनाने की दिशा में निरंतर कार्य हो रहा है। प्राकृतिक खेती किसानों के लिए लाभकारी होने के साथ-साथ पर्यावरण संरक्षण का भी सशक्त माध्यम है। भाजपा किसानों को आधुनिक एवं टिकाऊ कृषि पद्धतियों से जोड़ने के लिए निरंतर प्रयासरत है। वहीं सिवान के पूर्व विधान परिषद सदस्य मनोज कुमार सिंह ने कहा कि प्राकृतिक खेती आज समय की आवश्यकता है। इससे किसानों की लागत घटती है, मिट्टी की गुणवत्ता बेहतर होती है और खेती अधिक लाभकारी बनती है। इस प्रकार की कार्यशालाएं किसानों को नई तकनीकों एवं बेहतर कृषि पद्धतियों से जोड़ने का महत्वपूर्ण माध्यम हैं।' कार्यक्रम में उपस्थित किसानों ने प्रशिक्षण को उपयोगी बताते हुए प्राकृतिक खेती को अपनाने की दिशा में सकारात्मक रुचि दिखाई तथा केंद्र सरकार द्वारा किसानों के हित में चलाई जा रही योजनाओं की सराहना की। कार्यक्रम में मुख्य रूप से ओमप्रकाश यादव, जिला कृषि पदाधिकारी आलोक कुमार, उप परियोजना निदेशक कलिकांत चौधरी, अनुमंडल कृषि पदाधिकारी महाराजगंज आनंद चौधरी, मुकेश कुशवाहा, धर्मेंद्र मिश्रा, हरेंद्र कुशवाहा, सत्यम सिंह, सोनू, देवेंद्र गुप्ता, कमेश्वर सिंह, अजय पासवान, अजीत चौरसिया, राकेश सिन्हा एवं सौरभ कुशवाहा सहित बड़ी संख्या में किसान, भाजपा पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

## मौर्य एक्सप्रेस में शराब के साथ महिला तस्कर गिरफ्तार



**परवेज़ अख्तर/दैनिक खोज खबर/सीवान।** आरपीएफ की टीम ने ट्रेन में चल रही अवैध शराब तस्करी के खिलाफ बड़ी कार्रवाई करते हुए एक महिला तस्कर को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार महिला की पहचान नौतन थाना क्षेत्र के नौतन अहीर टोली निवासी नर्मदा देवी के रूप में हुई है। इस संबंध में आरपीएफ इंस्पेक्टर सुभाष चंद्र यादव ने बताया कि शनिवार को वरिष्ठ मंडल सुरक्षा आयुक्त वाराणसी के निर्देशन और प्रभारी निरीक्षक के पर्यवेक्षण में ट्रेन स्काट टीम तथा सीपीडीएस यूनिट द्वारा संयुक्त रूप से गोरखपुर-संबलपुर मौर्य एक्सप्रेस में जांच अभियान चलाया गया। इसी दौरान एस 2 कोच में एक महिला को संदिग्ध अवस्था में पकड़ा गया। तलाशी लेने पर उसके हाथ में लिए प्लास्टिक झोले और शरीर में छिपाकर रखी गई कुल 55 बोतल शराब बरामद हुई। गिरफ्तारी के बाद आवश्यक कानूनी कार्रवाई हेतु आरोपी को जीआरपी के सुपुर्द कर दिया गया है।

## उर्वरक दुकानों पर कृषि विभाग का छापा, अनियमितता पर पांच दुकानों को नोटिस

**दैनिक खोज खबर/दारौंदा (सिवान)।** खरीफ फसल की तैयारी के बीच किसानों को निर्धारित दर पर गुणवत्तापूर्ण उर्वरक उपलब्ध कराने के लिए प्रखंड कृषि विभाग ने सख्ती शुरू कर दी है। इसी कड़ी में 18 व 19 जून को प्रखंड कृषि पदाधिकारी रामवीर सिंह यादव ने प्रखंड क्षेत्र के विभिन्न उर्वरक विक्रय प्रतिष्ठानों का औचक निरीक्षण किया। जांच के दौरान अनियमितता पाए जाने पर पांच दुकानदारों को कारण बताओ नोटिस जारी किया गया है। निरीक्षण के दौरान बीएओ ने दारौंदा, बगौरा, भीखाबांध समेत अन्य बाजारों में स्थित उर्वरक दुकानों पर पहुंचकर स्टॉक रजिस्टर, वितरण पंजी, उर्वरक खरीद पंजिका, ई-पास मशीन एवं अन्य अभिलेखों की गहन जांच की। उन्होंने दुकानदारों को प्रशासन द्वारा निर्धारित मूल्य पर ही उर्वरकों की बिक्री करने का निर्देश दिया।प्रखंड कृषि पदाधिकारी ने कहा कि किसानों से अधिक कीमत वसूलने या किसी प्रकार की अनियमितता की शिकायत मिलने पर संबंधित दुकानदारों का लाइसेंस रद्द करने की कार्रवाई की जाएगी। साथ ही सभी विक्रेताओं को प्रतिदिन स्टाक एवं वितरण रजिस्टर अद्यतन रखने का निर्देश दिया गया है। उन्होंने आम लोगों और किसानों से अपील की कि यदि कहीं बिना लाइसेंस उर्वरक की दुकान संचालित हो रही हो तो इसकी सूचना कृषि विभाग को दें। ऐसे दुकानदारों के विरुद्ध प्राथमिकी दर्ज कराते हुए कानूनी कार्रवाई की जाएगी। विभाग की इस कार्रवाई से उर्वरक कारोबारियों में हड़कंप मचा हुआ है।

## सील किए क्लीनिक से हटी रोक

**आंदर (सिवान)।** जिला मुख्यालय के निर्देश पर आंदर प्रखंड के गौरा रोड स्थित अमन क्लीनिक पर लगी प्रशासनिक सील शनिवार को हटा दी गई। अनुमंडल कार्यालय सदर द्वारा जारी आदेश के आलोक में दंडाधिकारी की मौजूदगी में आंदर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र के चिकित्सा अधिकारी तथा स्थानीय पुलिस प्रशासन की मौजूदगी में क्लीनिक का ताला खोलकर जांच की गई। जांच के दौरान क्लीनिक से संबंधित सभी आवश्यक दस्तावेजों एवं संचालक द्वारा प्रस्तुत स्पष्टीकरण का अवलोकन किया गया। अधिकारियों ने कागजात को संतोषजनक पाया। इसके बाद प्रशासन ने क्लीनिक को पुनः संचालित करने की अनुमति प्रदान कर दी। बताया जाता है कि जिला पदाधिकारी के आदेश पर पूर्व में अमन क्लीनिक को सील किया गया था।इसके बाद क्लीनिक संचालक डा. संतोष कुमार यादव ने प्रशासन के समक्ष वैध दस्तावेज एवं आवश्यक प्रमाण प्रस्तुत किए। दस्तावेजों की जांच और सत्यापन के उपरांत जनहित एवं क्षेत्र में स्वास्थ्य सेवाओं की निरंतरता को ध्यान में रखते हुए क्लिनिक की सील हटाने का निर्णय लिया गया। प्रशासन ने कहा कि स्वास्थ्य संस्थानों के संचालन में नियमों का पालन सुनिश्चित करना आवश्यक है तथा भविष्य में भी नियमित निगरानी जारी रहेगी।

## नहर में डूबने से युवक की मौत, शव मिलने से इलाके में फैली सनसनी

**लकड़ी नबीगंज (सिवान)।** थाना क्षेत्र के मदारपुर बाजार से खवासपुर जाने वाली नहर पर स्थित केवारा पुल के समीप शनिवार की सुबह एक युवक का शव मिलने से इलाके में सनसनी फैल गई। मृतक की पहचान मदारपुर निवासी असलम मदारी के 20 वर्षीय पुत्र आशिक अली के रूप में हुई है। घटना की सूचना मिलते हीं स्वजनों के अलावा काफी संख्या में ग्रामीण घटनास्थल पर पहुंच गए। जानकारी के अनुसार शनिवार की सुबह करीब आठ बजे स्थानीय लोगों ने नहर में एक युवक का शव देखा। इसकी सूचना तत्काल पुलिस को दी गई। सूचना मिलते हीं पुलिस पदाधिकारी मो. बेलाल दल-बल के साथ मौके पर पहुंचे और शव को नहर से बाहर निकलवाया। इसके बाद आवश्यक कानूनी प्रक्रिया पूरी करते हुए शव का पंचनामा तैयार कर पोस्टमार्टम के लिए सदर अस्पताल भेज दिया। स्वजनों ने बताया कि आशिक अली मानसिक रूप से बीमार था और उसे समय-समय पर दौरे भी आते थे। उसका इलाज चल रहा था। वह घर से अकेले नहर में नहाने के लिए गया था। आशंका जताई जा रही है कि नहाने के दौरान वह गहरे पानी में चला गया और डूबने से उसकी मौत हो गई। इस संबंध में थानाध्यक्ष सविता कुमारी ने बताया कि शव को पोस्टमार्टम के लिए सदर अस्पताल भेज दिया गया है। पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद हीं मौत के कारणों की स्पष्ट जानकारी मिल सकेगी। उन्होंने बताया कि इस मामले में अब तक स्वजनों की ओर से कोई लिखित आवेदन प्राप्त नहीं हुआ है। पुलिस मामले की जांच में जुटी है।

## योग दिवस पर होगा सामूहिक योगाभ्यास, सांसद-विधायक करेंगे सहभागिता

**महाराजगंज (सिवान)।** अंतरराष्ट्रीय योग दिवस के अवसर पर रविवार को अनुमंडल मुख्यालय स्थित स्वामी कर्मदेव जमुना राम उच्चतर माध्यमिक विद्यालय (बाबा स्कूल) परिसर में सामूहिक योग कार्यक्रम का आयोजन किया जाएगा। कार्यक्रम सुबह 6:30 बजे से प्रारंभ होगा। आयोजन समिति के अनुसार कार्यक्रम में बड़ी संख्या में लोगों के शामिल होने की संभावना है। आयोजक मानवेंद्र कुमार अभय ने बताया कि योग दिवस को लेकर सभी तैयारियां पूरी कर ली गई हैं। कार्यक्रम में क्षेत्र के सांसद जनार्दन सिंह सिग्रीवाल तथा विधायक हेमनारायण साह भी शामिल होकर योगाभ्यास करेंगे। साथ हीं वे लोगों को नियमित योग अपनाने और स्वस्थ जीवनशैली के प्रति जागरूक होने का संदेश देंगे। आयोजन समिति ने नगर एवं आसपास के क्षेत्रों के नागरिकों से अधिक से अधिक संख्या में कार्यक्रम में शामिल होकर इसे सफल बनाने की अपील की है। आयोजकों का कहना है कि सामूहिक सहभागिता से योग के प्रति जनजागरूकता बढ़ेगी और समाज में स्वास्थ्य के प्रति सकारात्मक सोच विकसित होगी। कार्यक्रम के दौरान प्रशिक्षकों द्वारा विभिन्न योगासनों एवं प्राणायाम का अभ्यास कराया जाएगा। साथ हीं योग के शारीरिक, मानसिक और आध्यात्मिक लाभों पर भी विस्तार से प्रकाश डाला जाएगा। आयोजकों की मानें तो यह आयोजन क्षेत्र में स्वास्थ्य जागरूकता को नई दिशा प्रदान करेगा।

## बकाया मानदेय को लेकर आशा का धरना जारी, उठीं कई मांगें

**बड़हरिया (सिवान)।** प्रखंड मुख्यालय स्थित सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र परिसर में शनिवार को आशा ने अपनी विभिन्न मांगों को लेकर धरना-प्रदर्शन किया। प्रदर्शन का नेतृत्व आशा संघ की प्रखंड अध्यक्ष माया देवी ने किया। इस दौरान आरोप लगाया गया कि मैरवा, गुठनी सहित कई क्षेत्रों में 11 माह से मानदेय का भुगतान लंबित है। उन्होंने सरकार से सभी बकाया राशि का जल्द भुगतान, आशा को सरकारी कर्मचारी का दर्जा देने, सेवानिवृत्ति की आयु 65 वर्ष करने, कार्य का नियमित मासिक भुगतान तथा दुर्घटना बीमा योजना लागू करने की मांग की। धरना के दौरान आशा ने नारेबाजी कर आक्रोश जताया और कहा कि जब तक मांगें पूरी नहीं होतीं आंदोलन जारी रहेगा। उन्होंने 28 जून से प्रस्तावित पल्स पोलियो अभियान को भी भीषण गर्मी के कारण आगे बढ़ाने की मांग की। धरना के दौरान नारेबाजी कर आक्रोश जताया और कहा कि जब तक मांगें पूरी नहीं होतीं आंदोलन जारी रहेगा।

## परीक्षा देकर लौटते समय सड़क दुर्घटना में कार्यपालक सहायक की मौत

**परवेज़ अख्तर/सीवान।** मैरवा थाना क्षेत्र में बिहार-उत्तर प्रदेश सीमा के पास गुरुवार की शाम एक अनियंत्रित अज्ञात वाहन ने पंचायती राज विभाग के कार्यपालक सहायक संजय कुमार की बाइक को टक्कर मार दी। जिनका इलाज के दौरान शुक्रवार की शाम मौत हो गई। वे गुरुवार को एग्जाम देने के लिए यूपी गए थे। परीक्षा के बाद वे बाइक से अपने घर लौट रहे थे। बता दें कि स्थानीय लोगों ने स्वजनों को सूचित किया और घायल संजय को मैरवा रेफरल अस्पताल पहुंचाया। वहां से उन्हें प्राथमिक उपचार के बाद बेहतर इलाज के लिए रेफर कर दिया गया। स्वजन उन्हें गोरखपुर के एक अस्पताल ले गए, जहां शुक्रवार को इलाज के दौरान उनकी मौत हो गई।मृतक की पहचान रघुनाथपुर निवासी बाबूलाल प्रसाद के पुत्र संजय कुमार (32) के रूप में हुई है। वे सिसवन प्रखंड की सिसवा कला पंचायत में कार्यपालक सहायक के पद पर कार्यरत थे। वहीं दौरे पर आए पंचायतीराज मंत्री दीपक प्रकाश को जैसे ही अपने विभाग के कर्मी की मृत्यु की सूचना मिली, वे तत्काल शुक्रवार की देर शाम सदर अस्पताल के पोस्टमार्टम हाउस पहुंचे। उन्होंने चिकित्सकों और स्वजनों से घटना की जानकारी ली और शोकाकुल परिवार को ढांढस बंधाया। मंत्री ने कहा कि यह एक दुखद घटना है और विभाग पीड़ित परिवार के साथ खड़ा है।नगर थानाध्यक्ष अविनाश कुमार ने बताया कि सदर अस्पताल से सड़क दुर्घटना में युवक की मौत की सूचना प्राप्त हुई थी। इसके बाद पुलिस पदाधिकारी को अस्पताल भेजा गया।

## तकनीकी पदाधिकारियों के साथ हुई बैठक में योजनाओं को शीघ्र पूर्ण करने पर जोर

**परवेज़ अख्तर/दैनिक खोज खबर//सीवान।** जिलाधिकारी विवेक रंजन मैत्रेय की अध्यक्षता में जिला समाहरणालय में जिला स्तरीय सभी तकनीकी पदाधिकारियों के साथ समीक्षात्मक बैठक आयोजित की गई। बैठक में जिले में चल रही विभिन्न निर्माण योजनाओं की प्रगति की विस्तृत समीक्षा की गई।



जिलाधिकारी ने कार्यपालक अभियंता, भवन प्रमंडल एवं स्थानीय क्षेत्र अभियंत्रण संगठन को निर्देश दिया कि प्रशासनिक स्वीकृति प्राप्त पंचायत सरकार भवन एवं सामुदायिक भवन-सह-वर्क शेड योजनाओं को प्राथमिकता के आधार पर शीघ्र पूर्ण किया जाए तथा निर्माण कार्यों की गुणवत्ता पर विशेष ध्यान दिया जाए। इसके साथ ही बीएमएसआइसीएल के कार्यपालक अभियंता को निर्देशित किया गया कि निर्माणाधीन सीएचसी, एपीएचसी, एचडब्लूसी तथा एमसीएच सहित सदर अस्पताल के कार्यों को जल्द से जल्द पूर्ण कराया जाए, ताकि स्वास्थ्य सेवाओं का लाभ आम जनता को समय पर मिल सके। साथ हीं सभी तकनीकी पदाधिकारियों को भूमि संबंधी समस्याओं के समाधान हेतु अपर समाहर्ता एवं संबंधित अंचलाधिकारियों से समन्वय स्थापित करने का निर्देश दिया।

साथ ही साथ ग्रामीण कार्य विभाग के अभियंताओं को सड़क सुरक्षा के दृष्टिकोण से नेशनल हाईवे से जुड़ने वाले मार्गों पर जंक्शन इम्प्रूवमेंट कार्य सुनिश्चित करने को कहा गया।

## आग लगने पर शहर के अधिकांश घरों तक अग्निशमन वाहन जाने का रास्ता नहीं

**परवेज़ अख्तर/सीवान।** गर्मी बढ़ने के साथ ही आग की घटनाओं के बढ़ने का डर बढ़ गया है। शहर के विभिन्न मोहल्लों में अनियोजित ढंग से बनाए गए अधिकांश ऐसे मकान हैं जहां आग लगने पर अग्निशमन वाहन किसी भी सूरत में नहीं पहुंच सकते हैं । शहर के पुराने और घनी आबादी वाले इलाकों में अनियोजित निर्माण तथा अतिक्रमण के कारण गलियां लगातार संकरी होती गई हैं। कई स्थानों पर दोपहिया वाहन निकालना भी मुश्किल हो जाता है। ऐसे क्षेत्रों में यदि आग लग जाए तो दमकल कर्मियों को मुख्य सड़क से ही पाइप बिछाकर आग बुझाने का प्रयास करना पड़ता है, जिससे समय अधिक लगता है और नुकसान बढ़ने की संभावना रहती है। स्थानीय लोगों का कहना है कि बाजार क्षेत्र में सुरक्षा मानकों की अनदेखी की जा रही है। कई इमारतों में अग्निशमन उपकरण तक उपलब्ध नहीं हैं। वहीं, सड़कों पर स्थायी और अस्थायी अतिक्रमण ने स्थिति को और गंभीर बना दिया है। अग्निशमन विभाग के अधिकारियों का कहना है कि संकरी गलियां उनके लिए बड़ी चुनौती हैं। विभाग की ओर से समय-समय पर लोगों को अग्नि सुरक्षा के प्रति जागरूक किया जाता है तथा भवन मालिकों को आवश्यक सुरक्षा उपाय अपनाने की सलाह दी जाती है।

## सदर अस्पताल में लिफ्ट खराब, मरीजों को सीढ़ियां चढ़ाने में बढ़ी परेशानी

**परवेज़ अख्तर/सीवान।** माडल सदर अस्पताल का लिफ्ट कई दिनों से खराब है, इससे मरीजों और उनके स्वजनों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। अस्पताल की ऊपरी मंजिलों पर स्थित विभिन्न वार्डो और विभागों तक पहुंचने के लिए मरीजों को सीढ़ियों का सहारा लेना पड़ रहा है। खासकर बुजुर्ग, गर्भवती महिलाओं तथा गंभीर रूप से बीमार मरीजों को काफी दिक्कतें झेलनी पड़ रही है। मरीजों के स्वजनों का कहना है कि लिफ्ट बंद रहने के कारण स्ट्रेचर और व्हीलचेयर पर मरीजों को ऊपर ले जाना मुश्किल हो गया है। कई बार स्वजन मरीजों को गोद में उठाकर या सहारा देकर सीढ़ियां चढ़ा रहे हैं। इससे न केवल समय अधिक लग रहा है, बल्कि मरीजों की परेशानी भी बढ़ रही है। अस्पताल पहुंचे लोगों ने बताया कि लिफ्ट खराब होने की समस्या नई नहीं है। पूर्व में भी कई बार लिफ्ट में तकनीकी खराबी आने के कारण सेवाएं बाधित हुई थीं। इसके बावजूद स्थायी समाधान नहीं निकल पाया है। मरीजों ने अस्पताल प्रशासन से जल्द से जल्द लिफ्ट को दुरुस्त कराने की मांग की है। लिफ्ट बंद रहने से अस्पताल आने वाले लोगों में नाराजगी देखी जा रही है। लोगों का कहना है कि स्वास्थ्य सेवाओं की बेहतर व्यवस्था के लिए अस्पताल में ऐसी बुनियादी सुविधाओं का सुचारु रूप से संचालित रहना आवश्यक है। वहीं, अधीक्षक डा. अनिल कुमार सिंह का कहना है कि लिफ्ट में तकनीकी खराबी आ गई है, जिसकी सूचना संबंधित एजेंसी को दे दी गई है। मरम्मत का कार्य जल्द शुरू कराया जाएगा। अधिकारियों के अनुसार मरीजों को होने वाली असुविधा को देखते हुए वैकल्पिक व्यवस्था करने का प्रयास किया जा रहा है।

## दारौंदा में मोबाइल दुकान चोरी कांड का खुलासा, एकमा के दो युवक गिरफ्तार

**परवेज़ अख्तर/सीवान।** दारौंदा थाना क्षेत्र के दारौंदा बाजार स्थित एक मोबाइल दुकान में करीब पांच लाख रुपये की चोरी के मामले का पुलिस ने सफलतापूर्वक पर्दाफाश कर दिया है। इस मामले में सारण के एकमा थाना क्षेत्र के दो युवकों को गिरफ्तार कर न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया है। पुलिस ने चोरी गए पांच मोबाइल फोन में से चार मोबाइल भी बरामद कर लिए हैं। वहीं शेष सामान की बरामदगी और अन्य आरोपितों की गिरफ्तारी के लिए छापेमारी जारी है। गिरफ्तार युवकों की पहचान एकमा थाना क्षेत्र निवासी अंकित कुमार प्रसाद तथा भरोहोपुर निवासी रामेश्वर साह के रूप में हुई है। थानाध्यक्ष विकास कुमार सिंह ने बताया कि विगत पांच जनवरी की रात दारौंदा बाजार स्थित यादव मोबाइल दुकान का वेंटिलेटर तोड़कर चोर दुकान में घुस गए थे। चोरों ने दुकान से मोबाइल फोन, इलेक्ट्रानिक उपकरण और नकदी समेत करीब पांच लाख रुपये मूल्य की संपत्ति की चोरी कर ली थी। घटना के बाद दुकानदार सुनील कुमार के बयान पर थाना कांड संख्या 4/2026 दर्ज कर जांच शुरू की गई थी। जांच के दौरान पुलिस ने चोरी गए मोबाइल के तकनीकी साक्ष्यों और सर्विलांस के आधार पर मामले का खुलासा किया। अनुसंधान में अंकित कुमार प्रसाद तथा रामेश्वर साह की संलिप्तता सामने आई। इसके बाद पुलिस टीम ने छापेमारी कर दोनों आरोपितों को गिरफ्तार कर लिया।

## 26 लीटर देसी महुआ शराब बरामद, दो तस्कर फरार

**हसनपुरा (सिवान)।** एमएच नगर थाना की पुलिस ने गुप्त सूचना के आधार पर छापेमारी करते हुए 26 लीटर देसी महुआ शराब बरामद की है। हालांकि इस कार्रवाई के दौरान शराब की तस्करी में संलिप्त दो तस्कर पुलिस को चकमा देकर फरार हो गए। सूचना के आधार पर थाने के पुअनि पप्पू कुमार द्वारा प्राथमिकी में बताया गया कि शनिवार की सुबह गुप्त सूचना मिली कि हसनपुरा निवासी राकेश कुमार चौधरी उर्फ सुखन चौधरी और कृष्णा चौधरी द्वारा अपने घर के पास शराब की बिक्री कर रहे है।

## 21 फरियादियों ने एसपी को सुनाई अपनी पीड़ा



**परवेज़ अख्तर/ दैनिक खोज खबर/सीवान।** पुलिस अधीक्षक पूरन कुमार झा द्वारा जिला समाहरणालय स्थित कार्यालय प्रकोष्ठ में शनिवार को जनता दरबार लगाया गया। इस दौरान एसपी ने उपस्थित 21 लोगों की फरियादें सुनीं।

जनता दरबार में सर्वाधिक मारपीट, धोखाधड़ी सहित फर्जी मुकदमे में फंसाने आदि के कई मामले आए थे। इनमें दो दर्जन से ज्यादा मामलों का आन द स्पाट निपटारा किया गया। एसपी ने इन मामलों में लापरवाही बरतने वाले कई थानेदारों को फोन कर त्वरित कार्रवाई करने के भी निर्देश दिए। जनता दरबार में भूमि संबंधित मुकदमे के मामले की गुहार लगाने वालों की संख्या सबसे अधिक रही।

एसपी ने जनता के आवेदनों को गंभीरता से लेते हुए कई थानाध्यक्षों को इन मामले के निष्पादन में कोताही न बरतने का निर्देश दिया।

एसपी ने बताया कि नियमित रूप से संचालित जनसुनवाई में आम जनता की समस्याओं से अवगत होकर आवश्यक कार्रवाई हेतु संबंधित थानाध्यक्ष को आदेशित किया गया।

## सदर अस्पताल में खुलेगा साइकाइट्रिक वार्ड, मानसिक रोगियों को भर्ती कर होगा इलाज

**परवेज़ अख्तर/सीवान।** सदर अस्पताल में जल्द ही साइकाइट्रिक (मनोचिकित्सा) वार्ड शुरू होने जा रहा है। इसके शुरू होने के बाद मानसिक रोगों से पीड़ित और नशे की लत से जूझ रहे गंभीर मरीजों को अस्पताल में भर्ती कर इलाज की सुविधा मिल सकेगी। अभी तक ऐसे मरीजों को केवल ओपीडी में दिखाकर दवा दी जाती थी, लेकिन गंभीर स्थिति वाले मरीजों के लिए भर्ती की व्यवस्था नहीं होने से स्वजन को काफी परेशानी उठानी पड़ती थी। अस्पताल प्रबंधन के अनुसार माडल सदर अस्पताल के भवन में वार्ड के लिए जगह का चयन कर लिया गया है और आगे की तैयारी की जा रही है।

वार्ड को आधुनिक सुरक्षा मानकों के अनुरूप विकसित किया जाएगा, ताकि मरीजों और स्वास्थ्यकर्मियों दोनों की सुरक्षा सुनिश्चित हो सके। नए साइकाइट्रिक वार्ड में वैसे मरीजों को भर्ती किया जाएगा, जिन्हें तत्काल निगरानी और इलाज की जरूरत होगी। इनमें गंभीर मानसिक तनाव, आक्रामक व्यवहार, आत्मघाती प्रवृत्ति तथा नशा छोड़ने के दौरान असामान्य मानसिक स्थिति का सामना कर रहे मरीज शामिल होंगे। अस्पताल प्रशासन के अनुसार जिला प्रशासन ऐसे मरीजों का इलाज 10 से 15 दिनों तक वार्ड में किया जाएगा। इस दौरान विशेषज्ञ डाक्टरों की निगरानी में दवा, काउंसिलिंग और व्यवहारिक उपचार दिया जाएगा। नई व्यवस्था लागू होने के बाद मरीजों को भर्ती कर नियमित दवा, चिकित्सकीय निगरानी और काउंसिलिंग उपलब्ध कराई जाएगी।अस्पताल प्रशासन के अनुसार गंभीर या आत्मधाती प्रवृति वाले मरीजों के लिए विशेष निगरानी की व्यवस्था की जाएगी। अस्पताल कर्मियों को उत्तेजित मरीजों को शांत करने के लिए डि-एस्केलेशन तकनीकों का प्रशिक्षण दिया जाएगा, ताकि बिना बल प्रयोग स्थिति नियंत्रित की जा सके। साथ ही पैनिक अलार्म और नियमित तलाशी अभियान की भी व्यवस्था रहेगी।